Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 148 | शनिवार , 31 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'जनहित में होना चाहिए औद्योगिक जमीन का आवंटन'



नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि औद्योगिक जमीन के आवंटन का प्रबंधन पूरी तत्परता, निष्पक्षता और जनहित के अनुरूप होना चाहिए। कोर्ट ने इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में कमला नेहरू मेमोरियल ट्रस्ट (केएनएमटी) को दी गई 125 एकड़ भूमि को रद करने के उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीएसआइडीसी) के फैसले को बरकरार रखा।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर की पीठ ने 1975 में स्थापित धर्मार्थ संस्था केएनएमटी की अपील को खारिज कर दिया। इस ट्रस्ट ने 2017 के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील की थी। हाई कोर्ट ने सुलतानपुर जिले के जगदीशपुर के उतेलवा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित भूमि के आवंटन को रद कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने यूपीएसआइडीसी द्वारा 2003 में फूलों की खेती के उद्देश्य से ट्रस्ट को भूमि का बड़ा हिस्सा आवंटित करने की जल्दीबाजी और मुकदमा शुरू होने के बाद जगदीशपुर पेपर मिल्स लिमिटेड को वैकल्पिक आवंटन पर विचार करने में निगम द्वारा दिखाई गई तत्परता की भी आलोचना की। पीठ ने कहा, 'पक्षों की ओर से उठाए गए विवादों की विस्तृत जांच, तथ्यात्मक और कानूनी मैट्रिक्स का समग्र विश्लेषण और परिणामी निष्कर्षों के मद्देनजर हम यूपीएसआइडीसी द्वारा आवंटन रद किए जाने को बरकरार रखते हैं।' इसके साथ ही यह भी कहा कि यूपीएसआइडीसी द्वारा जगदीशपुर पेपर मिल्स लिमिटेड के पक्ष में किया गया वास्तविक आवंटन या किसी भी प्रस्ताव को गैरकानूनी और सार्वजनिक नीति के विपरीत घोषित किया जाता है। परिणामस्वरूप इसे रद किया जाता है।

## मणिपुर संकट का दीर्घकालिक समाधान जरूरी



**इंफाल**। भाजपा के मणिपुर के विधायकों ने शुक्रवार रात पूर्व मंत्री बिस्वजीत के घर पर बैठक की। विधायकों ने कहा कि राज्य में संकट का दीर्घकालिक समाधान जरूरी है।

यह समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति, समावेशी संवाद, संवैधानिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के निष्पक्ष समर्थन के स्तंभों पर आधारित होना चाहिए। 23 विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हम मणिपुर के लोगों द्वारा पिछले दो वर्षों में सहन किए गए दुख को महसूस करते हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में हमारा दृढ़ विश्वास है कि संकट का दीर्घकालिक समाधान संभव भी है और आवश्यक भी। बैठक में विचार किया गया कि राज्यपाल और केंद्रीय नेतृत्व से शांति दूत या समिति बनाने के लिए संपर्क किया जाए। विधायकों ने कहा, हम नागरिक समूहों, छात्र संगठनों, लोगों के बीच संवाद के महत्व पर जोर देते हैं। विधायकों ने लोकप्रिय सरकार के गठन की जनता की इच्छा को भी स्वीकार किया।

## पीएम मोदी ने भरी हुंकार

# 'ब्रह्मोस ने पाकिस्तान की नींद हराम कर दी' ऑपरेशन सिंदूर पर पाक को दिखाया आईना

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर पहुंचे थे। यहां उन्होंने जनता को 50 हजार करोड़ की लागत वाली विकास परियोजनाओं की सौगात दी। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया और पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भारत के ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। पीएम ने कहा कि हमने पाकिस्तान में सैकड़ों मील अंदर घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। पीएम मोदी का बयान ऐसे वक्त में आया है, जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में माना है कि ब्रह्मोस मिसाइलों के हमले ने उनकी सेना को चौंका दिया था। पीएम मोदी ने कहा कि 'पाकिस्तान का स्टेट और नॉन स्टेट एक्टर का खेल अब चलने वाला नहीं है। अगर मैं सीधे-सीधे कानपुरिया में कहूं कि दुश्मन कहीं भी हो, होंक दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है।' पीएम ने कहा कि 'हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे। ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।'

**'ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ'**



### 'एटम बम की गीदड़भभकी से डरेंगे नहीं'

- पीएम मोदी ने पाकिस्तान की गीदड़भभकी देने की आदत पर भी उसे स्पष्ट संदेश दे दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं। भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी।
- पीएम ने कहा कि भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइलें जब पाकिस्तान के ठिकानों पर गिरीं, तो पाक सेना की नींद हराम हो गई।
- बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अजरबैजान में माना था कि पाकिस्तान जब हमले की योजना बना रहा था, तब भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों ने नूर खान एयरबेस और पाकिस्तान के दूसरे ठिकानों पर हमला कर उसे तबाह कर दिया था।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीडीपी वद्धि दर धीमी होकर 6.5% हुई, पिछले साल 9.2% था आंकड़ा

नई दिल्ली।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रह गई। इससे 2024-25 के दौरान वार्षिक वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह जाएगी। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। भारत की आर्थिक वृद्धि दर मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रह गई। इससे 2024-25 के दौरान वार्षिक वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह जाएगी। जनवरी-मार्च अवधि में वृद्धि दर एक वर्ष पूर्व की समान तिमाही की 8.4 प्रतिशत वृद्धि दर से कम रही। सरकार ने शुक्रवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। राष्ट्रीय



सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत बढ़ेगी, जबकि 2023-24 में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2024-25 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। दूसरी ओर, चीन ने 2025 के पहले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) में 5.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करने की जानकारी दी है। जीडीपी में नरमी का कारण मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र में नरमी आना रहा। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 330.68 लाख करोड़ रुपये या लगभग 3.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे अगले कुछ वर्षों में इसके 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने का आधार तैयार हो गया। छले वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

## एक्सीडेंट से ठीक होने के बाद घर लौटे पवनदीप

नई दिल्ली।

इंडियन आइडल 12 के विजेता और बॉलीवुड सिंगर पवनदीप राजन ने सोशल मीडिया पर अपनी एक मुस्कुराती हुई तस्वीर साझा की है। पिछले दिनों वह एक सड़क हादसे का शिकार हुए, गंभीर तौर पर घायल हुए। लंबे इलाज के बाद वह हॉस्पिटल से अब डिस्चार्ज हो चुके हैं। यही जानकारी फैंस के साथ सिंगर पवनदीप ने साझा की है। सिंगर पवनदीप ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ एक कैप्शन भी लिखा है,



ह्यहॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो गया हूं, घर जा रहा हूं। और उन्होंने इस पोस्ट के साथ हाथ जोड़ने वाला इमोजी बनाया हुआ है। पवनदीप ने फैंस को शुक्रिया भी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए कहा है। मुश्किल वक्त में फैंस ने सिंगर के लिए खूब दुआ की। पवनदीप अपनी पोस्ट में लिखते हैं।


## संसद उड़ाने की धमकी मामले में पूर्व विधायक को छह माह कैद

नई दिल्ली।

राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक किशोर समरीते को संसद भवन को विस्फोट से उड़ाने की धमकी देने के मामले में छह माह कारावास की सजा सुनाई है। वह बालाघाट जिले के लांजी सीट से विधायक रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, यह धमकी सितंबर 2022 में दी गई थी, जब समरीते ने अपनी 70 मांगों को लेकर असंतोष व्यक्त किया। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने कहा कि समरीते को भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 506 के तहत सजा और जुमार्ना दिया गया है। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें विस्फोटक अधिनियम के तहत आरोपों से बरी कर दिया, क्योंकि जांच में पाया गया कि पार्सल में मौजूद सामग्री तकनीकी रूप से विस्फोटक नहीं थी। 16 सितंबर 2022 को संसद भवन में एक संदिग्ध पार्सल मिला था, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज, संविधान की प्रति और धमकी भरा पत्र शामिल था।

### INS विक्रांत से रक्षा मंत्री का बड़ा खुलासा

## पहलगाम अटैक के 96 घंटे के भीतर ही हमले की फुल तैयारी में थी नेवी



नई दिल्ली।


हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान भारत की तीनों सेनाओं ने अपने पराक्रम का दमखम दिखाया। जहां भारतीय वायुसेना ने हवा से पाकिस्तान को घेर रखा था, तो वहीं भारतीय नौसेना ने पानी के जरिए शिकंजा कस रखा था। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का एलान 10 मई को हो गया था, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बार-बार यह कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की एक तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में राजनाथ सिंह भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल युद्धपोत कठर विक्रांत पर सवार दिख रहे हैं और इस फोटो में नौसेना के अधिकारी और जवान भी उनके साथ दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹समुद्र में तैनात हमारे वेस्टर्न फ्लीट शिप ने आतंकवादी हमले के 96 घंटों के भीतर, वेस्टर्न और ईस्टर्न कोस्ट पर सरफेस टू सरफेस और सरफेस टू एअर मिसाइलें और टॉरपीडो से कई सफल फायरिंग की। रक्षा मंत्री ने कहा, ₹लॉन्ग रेंज प्रिसिजन स्ट्राइक ने दुश्मन के खिलाफ हमारी इंटेंट एंड रेडीनेस को भी दिखाया और दुश्मन इसी से डिफेंसिव पोस्चर में आ गया।₹ इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, ₹आज आईएएनएस विक्रांत पर अपने जांबाज नेवी के जवानों के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव कठर विक्रांत पर खड़ा हूं, मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता।

### 'भारत से हमारे रिश्ते बिगाड़ना चाहता है पाक

## रूस ने भी जमकर सुनाया, कहा- पाकिस्तान से नहीं कर रहे डील

**मॉस्को**। रूस ने शुक्रवार को उन फर्जी रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि वह पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ा रहा है। हाल ही में पाकिस्तानी मीडिया में खबर आई थी कि मास्को और इस्लामाबाद मिलकर औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर काम कर रहे हैं।

इसके तहत पाकिस्तान में नई स्टील मिलें स्थापित की जाएंगी, ताकि 1970 के दशक जैसे सहयोग को फिर से जीवित किया जा सके, जब सोवियत संघ ने पाकिस्तान स्टील मिल्स को डिजाइन और वित्तपोषित किया था। इस पर विचार करने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के विशेष सहायक हारून अख्तर खान और मास्को के प्रतिनिधि डेनिस नजरूफ के बीच 13 मई को इस्लामाबाद में एक बैठक हुई थी। बैठक को लेकर एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की और कराची में एक स्टील मिल की स्थापना के लिए संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति व्यक्त की। हारून अख्तर ने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसकी क्षमता को पहचाना है। इन रिपोर्टों के सामने आने के बाद चिंता के साथ ही संदेह भी पैदा हुआ, क्योंकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था आईएमएफ द्वारा दिए गए राहत पैकेजों पर निर्भर है। मॉस्को में सूत्रों ने इस मुद्दे पर बातचीत होने की बात स्वीकार की, लेकिन उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि दोनों देशों के बीच मल्टीबिलियन डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।



## संपादक की कलम से

# वायुसेना प्रमुख की चिंता

भारत के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने सार्वजनिक मंच से रक्षा–सौदों की लेटलतीफी पर चिंता जताई है, तो यह कोई सामान्य टिप्पणी या सरोकार नहीं है। सीआईआई के बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा कोई रक्षा प्रोजेक्ट नहीं है, जो तय समय पर पूरा हुआ हो। जब रक्षा सौदों के करार पर दस्तखत किए जाते हैं, तब जानकारी होती है कि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होगा, लेकिन फिर भी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं। यहीं से पूरी प्रक्रिया बिगड़ जाती है। एयर चीफ मार्शल ने यहां तक संकेत दिए हैं कि इसी से युद्ध की तैयारियां प्रभावित होती हैं। वायुसेना प्रमुख ने यह खुलासा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह की उपस्थिति में किया है, जाहिर है कि यह चिंता एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री और वायुसेना प्रमुख की रूबरू मुलाकातें भी होती रही हैं। उनमें भी यह मुद्दा उठा होगा। हमारी वायुसेना लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर और अन्य रक्षा–उपकरणों का संकट और समयहीनता उस परिदृश्य में झेल रही है, जब चीन ने पाकिस्तान को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान जे–35 ए देने की घोषणा की है। चीन ऐसे 30–35 विमान पाकिस्तान को मुहैया कराएगा, जबकि भारतीय सेना के पास 5वीं पीढ़ी का एक भी लड़ाकू विमान नहीं है। दुश्मन को कमतर नहीं आंकना चाहिए। वायुसेना प्रमुख का यह रहस्योद्घाटन तब सार्वजनिक हुआ है, जब भारत की वायुसेना ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकियों के बड़े अड्डे मिट्टी–मलबा कर चुकी है, करीब 170 आतंकियों को ढेर कर चुकी है और कई प्रमुख एयरबेस, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर हमने अपनी वायु–शक्ति की बदौलत ही जीता है, लिहाजा वायुसेना प्रमुख की ये चिंताएं बेहद गंभीर हैं। चीफ मार्शल पहले भी फरवरी, 2025 में एक ट्रेनर जेट के कॉकपिट में बैठे हुए कह चुके हैं कि उन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) पर भरोसा नहीं है। एचएएल मिशन मोड में काम नहीं कर रही है। बहरहाल अब उन्होंने निजी क्षेत्र की कंपनियों को आगे आने का आह्वान किया है। भारत में 21 निजी कंपनियां रक्षा–उत्पादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि सरकारी नेतृत्व की 16 सार्वजनिक कंपनियां भी जुड़ी हैं। इस क्षेत्र में कुल 430 अन्य कंपनियों के अलावा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम 16,000 से अधिक हैं, जो रक्षा–उपकरणों के कल–पुरजे बनाते हैं। इतना व्यापक क्षेत्र होने के बावजूद हमारे लड़ाकू विमान लेटलतीफी के शिकार हैं, जाहिर है कि कारण असामान्य ही होंगे। हालांकि एयर चीफ मार्शल ने न तो किसी प्रोजेक्ट विशेष और न ही कंपनी का नाम लिया, लेकिन यह समयहीनता हमें भारी पड़ सकती है। कुछ उदाहरण गौरतलब हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# आपरेशन सिंदूर और शल्यवादी विपक्ष

ऑपरेशन सिन्दूर के स्थगित होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र बीकानेर के पलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी। महाभारत संग्राम में एक सिद्धांत निकल कर आया शल्यवाद। माद्रीपुत्र नकुल-सहदेव के मामा माद्रा (मद्रदेश) के राजा शल्य थे। महाभारत में पाण्डवों के पक्ष में युद्ध करने आए शल्य का दिल अतिथि सत्कार से जीत कर दुर्योधन ने छल से उन्हें अपने खेमे में कर लिया। उन्होने कर्ण का सारथी बनना स्वीकार किया और कर्ण की मृत्यु के पश्चात युद्ध के अंतिम दिन कौरव सेना का नेतृत्व भी किया और युधिष्ठिर के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। वे कर्ण के सारथी तो बन गये किन्तु उन्होंने युधिष्ठिर को यह भी वचन दिया कि वे चाहे खड़े कौरव सेना के साथ दिखेंगे परन्तु युद्ध पाण्डवों के पक्ष में ही लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने अपने वचनों से कौरवों को ही हतोत्साहित करना शुरू किया। अपने ही लोगों का मनोबल तोड ? की नीति शल्यवाद कहाती है। वर्तमान में आपरेशन सिंदूर के बाद भारत का विपक्ष भी इसी शल्यवादी की नई परिभाषा लिखता दिखाई दे रहा है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए आपरेशन सिंदूर के दौरान विपक्षी दलों ने चाहे देश व सरकार के साथ एकजुटता जताने की बात कही परन्तु पूरे आपरेशन के दौरान विपक्षी नेताओं की कंटीली जिव्हा देश को मर्माहत करती रही।

आपरेशन सिन्दूर को लेकर सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस ने आपरेशन के स्थगित होने के बाद जो कुछ कहा है वह सबकुछ उसकी एकजुटता की प्रतिबद्धता के विपरीत दिखाई देता है। आपरेशन स्थगित होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जो कहा है वह दुश्मन देश को सांत्वना देने वाला था। इसलिए वहां के मीडिया ने उसे हाथों हाथ लपका। खड्गे ने ऑपरेशन सिन्दूर को एक छोटी-मोटी झड़प बताया वहीं राहुल गांधी ने विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा आपरेशन सिन्दूर को लेकर दिये बयानों पर पलटवार करते हुए जो कहा उससे उनकी अपनी और कांग्रेस पार्टी की छवि ही कमझोर हुई। कांग्रेस नेता ने ऑपरेशन सिन्दूर के संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की एक कथित टिप्पणी को लेकर कहा कि यह पाप है और सिन्दूर का सौदा है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्री को जवाब देना चाहिए। राहुल ने तो यहां तक पूछा कि हमने कितने भारतीय विमान गंवा दिए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से पता था। उन्होंने कहा कि देश को सच जानने का पूरा हक है। कांग्रेस और राहुल गांधी ने जयशंकर के एक बयान का वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया है कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमलों से पहले, भारत सरकार ने पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया था। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों को गलत बताया था कि विदेश मंत्री जयशंकर ने सात मई को ऑपरेशन सिन्दूर शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सुचेत किया था। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश मंत्री के बयान पर कुछ सवाल पूछे हैं। यह बहुत अहम है, क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलग-अलग देशों में एक बात दोहराते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाने के लिए मध्यस्थता की। ट्रंप ने एक बहुत खौफनाक बात यह भी बोली कि उन्होंने भारत को व्यापार रोकने की धमकी देकर युद्ध रुकवाया। यानी सिन्दूर का सौदा होता रहा, प्रधानमंत्री चुप रहे। विदेश मंत्री के मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा है। ऑपरेशन सिन्दूर के स्थगित होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र बीकानेर के पलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा, न टॉक, अब तो सिर्फ पीओके पर बात होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार पाकिस्तान को सीधे चेताया और भविष्य में आतंकी गतिविधियों पर आरपार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी परन्तु वह इस एयरबेस को रत्तीभर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी का दिमाग ठंडा रहता है, लेकिन लहू गर्म रहता है और अब तो मोदी की नसों में गर्म सिंदूर बह रहा है। उन्होंने साफ कहा कि भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को अब महंगा पड़ेगा। मोदी ने बीकानेर में देशवासियों को संबोधित करते हुए जो कहा, उस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री से पूछा कि आपका खून हमेशा कैमरे के सामने ही क्यों खौलता है? कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी, हल्के भाषण देना बंद कीजिए।

आपने भारत के सम्मान के साथ समझौता किया है। आपने ट्रंप के आगे झुककर भारत के हितों का त्याग क्यों किया? आतंकवाद पर पाकिस्तान के बयान का आपने भरोसा क्यों कर लिया? इससे पहले कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने एक बार फिर फिल्मों की तरह खोखले डायलॉग का सहारा लिया है। देश में एक तरफ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जब विश्व का दौरा कर ऑपरेशन सिन्दूर तथा भारत की आतंकवाद के प्रति नीति और पाकिस्तान द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के प्रति किये जा रहे दुष्प्रचार का जबाव देने निकले हुए हैं, ऐसे समय में देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके नेताओं के जो बयान आ रहे हैं वह देशहित में नहीं। यह विपक्ष की शल्यवादी नीति नहीं तो और क्या है?



**दुश्मन देश पाकिस्तान विपक्षी दलों के नेताओं विशेषतया कांग्रेस व उसके नेताओं द्वारा दिए बयानों को आधार बनाकर अपने हित में उनका प्रयोग कर रहा है। लगता है कि शायद कांग्रेस को यह आशंका है कि राजनीतिक रूप से ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता का श्रेय मोदी व उनके सहयोगी भाजपा लेगी पर क्या कांग्रेस यह बताने का प्रयास करेगी कि वे 1971 में पाकिस्तान पर हुई भारत की एतिहासिक जीत का श्रेय इंदिरा गांधी को क्यों देते रहे हैं? क्यों उसका इको सिस्टम श्री अटलबिहारी वाजपेयी के मुंह से इंदिरा को जबरन दुर्गा कहलवाता रहा है? काठ की हाण्डी एक बार आंच पर चढ़ती है, बार-बार नहीं, शल्यवाद भी अब दोबारा चलने वाला नहीं है।**

## अंशवी चौरसिया

## ज्ञान के दीपक सावन सर

### कविता



सावन सर! आप हैं अनुपम, हिन्दी के हैं ज्ञानी।
आपसे रोशन होती कक्षा, जैसे दीप–ज्योति कहानी।।

नजरों में है अपनापन और मन में ममता की क्यारी।
आपसे मिलती प्रेरणा, जैसे ऋषियों की वाणी प्यारी।।

मीठे–मीठे शब्दों से, समझाने का ढंग है निराला।
बिना डांटे सिखा देते, हर बच्चा बनता है लाला।।

कविता, कहानी और व्याकरण, सब कुछ सरल बनाते।
हमें न डर लगता हिंदी से, सहजता से सब समझाते।।

नियम,अनुशासन और प्रेम, तीनों का मेल सिखाया।
ज्ञान का बीज हमारे मन में, आपने ही तो उगाया।।

हमारे प्यारे सुनील सर, आपका हृदय से धन्यवाद।
आपके आशीर्वाद से होती, सद्गुणों की बरसात।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गर्मियों में स्किन के लिए फायदेमंद हैं ये नेचुरल बॉडी क्लींजर, ग्लोइंग और हेल्दी बनेगी स्किन

स्किन को बेदाग और हेल्दी बनाए रखने के लिए आप नेचुरल क्लींजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही यह त्वचा संबंधी बीमारियों को भी दूर करने का काम करता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किन-किन चीजों से नेचुरल क्लींजर बना सकते हैं। गर्मियों के मौसम में स्किन का खास देखभाल करने की जरूरत होती है। स्किन की खास देखभाल के लिए आप नेचुरल क्लींजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह बिना किसी नुकसान के आपकी स्किन को साफ करता है। वहीं इसमें पारंपरिक और प्राकृतिक जड़ी-बूटियां और पोषक तत्व शामिल होते हैं। जोकि आपकी स्किन को बेदाग और हेल्दी बनाए रखने के साथ ही आपकी त्वचा संबंधी बीमारियों को भी दूर करने का काम करता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किन-किन चीजों से नेचुरल क्लींजर बना सकते हैं। घर लाते ही अंडे रखते हैं फ्रिज में? पढ़िए उससे होने वाले नुकसान

**चंदन:** बता दें कि आयुर्वेद में मुंहासे जैसी स्किन से जुड़ी बीमारी के इलाज के लिए चंदन का उपयोग किया जाता है। चंदन में एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जोकि स्किन की रंगत को निखारने का काम करता है और स्किन को एक्सफोलिएट करता है और नमी प्रदान करता है। आप चंदन को बॉडी क्लींजर के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एक हर्बल क्लींजर है, जो आपकी स्किन को साफ, मुलायम और हेल्दी बनाता है। आप चंदन को दूध या शहद में मिलाकर लगा सकते हैं।

**मुल्तानी मिट्टी:** मुल्तानी मिट्टी में तेल को सोखने वाले गुण पाए जाते हैं। यह स्किन को एक्सफोलिएट करने के साथ ही टाइट करता है और ब्लड सकुर्लेशन में भी मदद करता है। मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से स्किन मुलायम बनती है। मुल्तानी मिट्टी स्किन को हाइड्रेटिंग, एंटी-एजिंग और मुलायम बनाता है। आप गुलाब जल या दूध के साथ मिलाकर मुल्तानी मिट्टी को त्वचा पर लगा सकते हैं।

**नींबू:** नींबू स्किन को चमकदार बनाने, रंगत निखारने और मुंहासों को दूर करने में फायदेमंद माना जाता है। यह स्किन को टाइट बनाने के साथ त्वचा को एक्सफोलिएट करता है। इससे आपकी स्किन नेचर से होने वाली नुकसान से बचती है। नींबू स्किन को साफ, एक्टिव और हेल्दी बनाता है। नींबू आपके शरीर और चेहरे को किसी भी नुकसान से दूर रखने में सहायता करता है।



# युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठा पूरा विश्व



संजीव ठाकुर

वैश्विक नजरिये से देखा जाए तो पूरा विश्व आज युद्ध की ज्वाला में धधक रहा है। दो वर्षों से ज्यादा हो गए जब रूस ने यूक्रेन पर अपने विस्तारवादी मंसूबे को पूरा करने के लिए यूक्रेन पर बेवजह आक्रमण किया था और हमला यह सोचकर किया गया था की 7 दिन के भीतर यूक्रेन पर रूस कब्जा कर लेगा पर हुआ इसके ठीक उलट,1 यूक्रेन ने अमेरिका इजरायल और यूरोपीय देशों की मदद से रुस से डटकर मुकाबला किया और युद्ध आज तक चल रहा है हालांकि यह अलग बात है कि दोनों देश को भारी जान माल का नुकसान हुआ है हजारों सैनिक तथा नागरिक मारे गए एवं अरबों रूपयों की हानि हुई है। ईसी तरह फिलिस्तीन आतंकवादी संगठन हमास ने इसराइल के निर्दोष लोगों की हत्या कर इसराइल को युद्ध करने के लिए उकसाया था अब स्थिति यह है कि इसराइल हमास को समूल नष्ट करना चाहता है इसके अलावा पाकिस्तान ने अपने आतंकवादी भेज कर 22 अप्रैल को पहलगाम में 27 निर्दोष व्यक्तियों की धर्म पूछ कर निर्मम हत्या कर दी थी अब जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान में घुसकर 11 एयर बेस हवाई ठिकानों को तबाह किया है और लगभग 100 आतंकवादियों को मार गिराया और भारत का दवा है कि अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है जरूरत पड़ने पर इसे विस्तारित भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूरा विश्व पहलगाम के इस आतंकवादियों के खतरनाक हमले के विरुद्ध भारत के साथ खड़ा है और पाकिस्तान के साथ केवल चीन तथा तुरकिये ही खड़ा है। वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान एक आतंकवादी देश स्थापित हो चुका है और भविष्य में उसके अस्तित्व को संकट आ गया है।

कुल मिलाकर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में धार्मिक आतंकवाद और औपनिवेशिक विस्तारवाद की लालसा के चलते पूरा विश्व आतंकवाद एवं युद्ध की ज्वाला में धधक रहा है। युद्ध का भयानक स्वरूप रूस यूक्रेन युद्ध में सामने आया उसके पश्चात इसराइल और हमास के मध्य युद्ध ने भी अपना रौद्र रूप दिखाया है। ईरान के इशारे और उकसाने पर हमास ने पूरी तैयारी के साथ इसराइल के कई शहरों पर शनिवार की सुबह-सुबह 5000 रॉकेट से हमला बोलकर लगभग 700 नागरिकों और सैन्य तथा पुलिस के अधिकारियों सहित हत्या कर दी है साथ ही लगभग ढाई हजार लोग जख्मी भी हुए हैं। हमास द्वारा यह भी दावा किया गया है कि उसने 50 इजरायली सैन्य अधिकारियों का अपहरण भी कर लिया है। इधर इसराइल ने भी दावा किया है कि उसने जवाबी हमले में लगभग 500 उग्रवादियों को मार गिराया है। न्यूज एजेंसी के अनुसार हमास ने जो इजरायली लोगों को बंधक बनाया है उनके बदले वह अपने उन आतंकवादियों की रिहाई करवाना चाहता है जो इजरायल के कब्जे में है। हमास के लिए यह आक्रमण उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। हमास के इस भयानक हमले से इसराइल के नागरिक गहरे सदमे में है वह इसी तरह सदमे में है जैसे 9/11 के सदमे में अमेरिकी सहम गए थे। इसराइल के प्रधानमंत्री पर पहले से दबाव था कि हमास के विरुद्ध हमला कर उसे पर आक्रमण करें पर पर इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू इस आक्रमण से बचते रहे हैं पर अब हमास के इसराइल पर अमानवीय हमले के खिलाफ इसराइल के लोग भरपूर जवाब देने की मानसिक स्थिति में पहुंच चुके हैं। इसराइल ने दावा किया है कि इस बार जो हमास के विरुद्ध युद्ध होगा वह दुश्मनों ने कभी सोचा और देखा नहीं होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन के इजरायली संस्थान एवं शोधकर्ता मार्क हीलर के अनुसार इस बार इसराइली नागरिकों पर बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर हुआ है उसे देखते हुए इसराइल बदला लेने के लिए कोई भी कीमत चुका सकता है। न्यू यॉर्क टाइम्स के हवाले बताया गया कि अरब युद्ध से भी इस युद्ध की कई समानताएं हैं वर्ष 1973 में मिश्र, सीरिया की तरह इस युद्ध में हमास का लक्ष्य निश्चित रूप से रणनीतिक उद्देश्यों को लेकर है जो इसराइल को मारने अपंग करने से कहीं बढ़कर है। हमास इजरायली लोगों पर जितने भयानक हमले कर रहा है इसका स्पष्ट उद्देश्य विनाशकारी इजरायली प्रतिक्रिया को भड़काना ही है। हमास के इस हमले से इसराइल और सऊदी अरब के बीच हुए शांति समझौते को खंडित कर देगी। इस युद्ध से न केवल यहूदी राज्य के प्रति मुस्लिम विरोध भड़केगा बल्कि इसराइल को भी हमास तथा फिलिस्तीन अन्य संगठनों को खत्म करने की चाहत बढ़ जाएगी। इजराइल का विश्व स्तरीय खुफिया संगठन मोसाद की असफलता के कारण हमास ने इतना बड़ा हमला किया है अब इजरायल के विचार हमास को दंडित करने की नहीं है बल्कि उसकी समूल नष्ट करने का है और इसी के परिणाम स्वरुप इसराइल ने गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं और लगभग 500 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है वहां की कई इमारतें को नष्ट कर दिया है। पूरी की पूरी गाजा पट्टी फिलिस्तीन लोगों के कब्जे में है और इन उग्रवादियों का केंद्र भी है इसीलिए इजराइल का पूरा ध्यान इस गाजा पट्टी पर ही है। उल्लेखनीय है कि इसराइल के इस संकट के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा ने अपना पूरा समर्थन इसराइल को दिया है और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन तुरंत आर्थिक मदद की भी घोषणा कर दी है। इसराइल के पास हमास के हमले से रक्षा करने के लिए आयरन डॉम रक्षात्मक प्रणाली थी जो हवा से हवा में मार करने वाला एयर डिफेंस सिस्टम है जो हमास पर हमले और उसको भयानक नुकसान करने वाला सिस्टम है। अब इस रक्षात्मक आयरन डोम के असफल होने से फिलिस्तीन उग्रवादी हमास संगठन इतना बड़ा हमला कर पाया।

# नगर पंचायत खीरी में धूमधाम से मनाई गई अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती

**वेलकम इंडिया**




**लखीमपुर खीरी:** नगर पंचायत खीरी में शुक्रवार को महान समाज सुधारिका, न्यायप्रिय शासिका और महिला सशक्तिकरण की प्रतीक माता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण, जनसेवा और सामाजिक समरसता को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत नगर पंचायत कार्यालय परिसर में दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। भारतीय जनता पार्टी के सदर विधायक सुपुत्र एवं गन्ना समिति खीरी के चेयरमैन अशोक अवस्थी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके साथ मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष उजमा बी, अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार अध्यक्ष पति फहीम अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सफाई मित्रों एवं आम नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत एक महिला गोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं के अधिकार, सामाजिक भूमिका और योगदान पर चर्चा की गई। सदर विधायक के सुपुत्र आनंद वर्मा ने कहा, माता अहिल्याबाई होलकर जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका त्याग, सेवा और न्यायप्रियता आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में जागरूकता आती है और सेवा भाव की भावना विकसित होती है। गन्ना समिति खीरी के अध्यक्ष अशोक अवस्थी ने कहा, माता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने अपने न्यायप्रिय और जनकल्याणकारी शासन से यह सिद्ध किया कि महिलाएं समाज और राष्ट्र के हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकती हैं। आज की पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और नारी सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष उजमा बी ने कहा, माता अहिल्याबाई होलकर जी का जीवन त्याग, सेवा और न्याय का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर महिलाओं और सफाई कर्मियों के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार ने कहा, नगर पंचायत खीरी द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम समाज में जागरूकता और प्रेरणा का स्त्रोत है। हमारा प्रयास है कि सफाई मित्रों, महिलाओं और जरूरतमंद नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुँचे और वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। ऐसे आयोजन सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और सशक्त करते हैं।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर व्यापार मंडल मुखर

**वेलकम इंडिया**



बागेश्वर, प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर बागेश्वर नगर व्यापार मंडल को जबरन बदनाम करने का आरोप लगाया है। कुछ अस्थायी सदस्यों की रसीदों को फेसबुक तथा अन्य सोशल मीडिया के पर प्रसारित करते हुए व्यापार मंडल को बदनाम करने की साजिश रचने, व्यापारियों की एकता को कमजोर करने, और भ्रामक प्रचार करने की भर्त्सना की है। उन्होंने कोतवाल को ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस जिला444ध्यक्ष के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई जल्द करने की मांग की है। कोतवाल को दिए ज्ञापन में व्यापारियों का कहना है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागवत डसीला ने नगर व्यापार संघ की कुछ अस्थाई सदस्य की रसीदों को फेसबुक में और अन्य सोशल मीडिया माध्यम से 28 मई को डाला है। जिसमें उन्होंने नगर व्यापार संघ को बदनाम करने की नीयत से उस पोस्ट को डाला गया, जिसमें उनके द्वारा बागेश्वर नगर व्यापार संघ को अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। 27 मई को बागेश्वर नगर व्यापार संघ पर सरकारी भूमि में अतिक्रमण द्वारा निर्मित विशाल मेगा मॉल और पीडब्ल्यूडी की जमीन पर कब्जा करके बनाए मॉल से मिलकर पैसा खाने की बात करके नगर व्यापार संघ को बदनाम करने की कोशिश की गई है। उन्होंने दोनों मामलों का संज्ञान लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही जल्द उचित कार्रवाई करने, और व्यापार मंडल को जबरन बदनाम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।जल्द कार्रवाई नही करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।मांग करने वालों में प्रांतीय उद्योग व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रतिनिधि मंडल, महामंत्री प्रमोद गोयल कार्यकारी जिलाअध्यक्ष अनिल कार्की, प्रदेश सचिव हरीश सोनी, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, राहुल साह, हेम जोशी, पुष्कर किरमोलिया, जगदीश कार्की, प्रकाश मिश्रा आदि शामिल थे। वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने अपने उपर लगाए गए आरोपों को सायबर हेकर्स द्वारा व्हॉट्ससप्प स्टेट्स में गलत तरीके से अश्लील वीडियो पोस्ट करने के बाद जबरन मामले को निजी तौर परतूल देकर बदनाम करने की कोशिश करने के आरोप लगाए हैं।

# महाराजा अरूट की जयंती पर बुजुर्गों को पंजाबी वैलफेयर एसोसिएशन ने किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** अरोड़ा वंश के आदि प्रवर्तक महाराजा अरुट जी के जन्मदिन पर पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रातः काल में प्रधान गुलशन आहूजा के नेतृत्व में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें समाज के लोगों ने हवन में आहुति डालकर महाराजा अरुट जी को याद किया। यीशु प्रांत इस उपरांत सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें श्री योग दरबार परमहंस के धर्म संचालक संत सुखदेव आनंद महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा महान संतों को याद करना और उनके जीवन से प्रेरणा लेना हमें ऊंचाइयों तक ले जाता है महाराज जी ने कहा गुरु की कृपा जरूरी है तभी 84 के चक्कर से मुक्ति मिल सकती है। मानस चोला कुछ करने का लिए बना है और यही 84 के चक्कर से मुक्ति दिला सकता है। मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा छोटी-छोटी संस्थाएं सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखे हुए तभी आज महाराजा अरुट जी को याद किया जा रहा है और उकलाना पंजाबी वैलफेयर एसोसिएशन जी इस कड़ी में आज काम कर रही है उन्होंने रास्ते को लेकर कहां इसका प्रपोजल भिजवाए उसके लिए मुख्यमंत्री से प्रयास करके रास्ता दिलवाने का काम करेंगे। हिसार के महापौर प्रवीण पोपली ने कहा उन्होंने हिसार में भी महाराज अरुट जी स्वागत द्वार पास किया है उकलाना में अगली बार आगमन हो तो इस स्वागत द्वार पर काम हो ऐसा उसके लिए उनका भाव रहेगा । पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान गुलशन अहूजा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया जब भी कार्यक्रम के दौरान समाज के बुजुर्गों को विशेष सम्मान देने का काम किया गया ताकि उनको एक याददाश्त रहे। मंच संचालन जगदीश असीजा द्वारा किया गया इस मौके पर जगन बवेजा डॉक्टर शमी नागपाल मोहित बवेजा ओमप्रकाश भाटिया ओमप्रकाश कक्कड़ रामकिशन मुंजाल अर्जुन देव खुराना कृष्ण लाल डाबर आनंद मोहन भुटानी मनोहर लाल नागपाल नरेंद्र भ्याना सतीश भारती ज्ञान भाटिया गुलशन बठला ओम प्रकाश असीजा राजू भाटिया बंसीलाल मेहता फुल देवी भाटिया कमलेश रानी शाही असीजा संतोष सपरा संदीप धमीजा प्रेम भाटिया राजरानी चावला उषा अनेजा मन्नू होंडा राजेश भुटानी मनोज रेवड़ी महक मुटरेजा पंकज खुराना कपिल नारंग विजय भुटानी पंकज भुटानी सुरेश ढींगरा जोगिंदर ढींगरा पुरुषोत्तम डाबर चिमनलाल ढींगरा सतीश सचदेवा मनोज जुनेजा सहित सैकड़ो की संख्या महिला पुरुष मोजूद थे।

# माँ की गोद से सलोना कुछ नहीं इस संसार में : अभिलाषा गुप्ता नंदी



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज :** गंगा दशहरा पर्व की प्रयागराज में शुरूआत हो चुकी है दस दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के चतुर्थ दिवस पर संगम महा आरती समिति एवं जय त्रिवेणी जय प्रयाग आरती समिति के द्वारा मां गंगा की भव्य आरती की गई एवं कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ,प्रमोद बंसल परिवार सहित प्रीति मालवीया ,सीमा मिश्रा ,अंजू मक्कड़ ,रेनू चौरसिया, विनीता पटेल,के द्वारा माँ गंगा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की समिति के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा समिति के मीडिया प्रभारी आयुष श्रीवास्तव ने बताया की दस दिनों तक चलने वाले इस महापर्व का आज चौथा दिन है जिसकी शुरूआत यहाँ मौजूद मुख्य यजमान के द्वारा गंगा पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण एवं इसके उपरांत बरसाना ग्रुप की संयोजिका प्रीति मालवीय द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम से हुई है एवं ऐसे ही आगामी छे दिनों तक कई अन्य आयोजन समिति के द्वारा किए जायेंगे कार्यक्रम में नागेंद्र सिंह ,आशुतोष पालीवाल ,डॉ. गौरव यादव ,छाया पाण्डेय,नेहा शर्मा,सुमित वैश्य,अनुराधा त्रिपाठी ,रमा यादव ,उदित शर्मा ,अवधेश श्रीवास्तव ,अनुराग सिन्हा, रवि शर्मा ,पं० के.पी. मिश्रा ,मंजुला त्रिपाठी ,विशाल अरोरा ,शिव चन्द्र वैश्य,संदीप पाण्डेय,निर्मल शर्मा ,नीलम सिंह ,राजकुमार केसरवानी ,प्रवीन केसवानी,नीतू सिन्हा ,वर्तिका द्विवेदी ,ज्योती शुक्ला ,पूनम पाण्डेय ,शालिनी पाठक ,दीपमाला पाण्डेय ,संजीव पांडेय ,राहुल गुप्ता ,कमलेश निषाद उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर थाना ककोड़ पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 01 अभियुक्त शादिक पुत्र हबीब निवासी मौ0 रांगडवाला झाझर थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी/गैंगस्टर हैं, जो थाना ककोड़ पर पंजीकृत मुअसं-175/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था । अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना ककोड़ पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

# खीरी नगर पंचायत में निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी:** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष मिशन के अंतर्गत खीरी नगर पंचायत में शुक्रवार को निशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्षा उजमा बी एवं अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार की उपस्थिति में किया गया। आयुष विभाग की चिकित्सकीय टीम, जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ विभा वर्मा,चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमन एवं अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स शामिल शामिल रहे।शिविर में शामिल डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और आवश्यक दवाइयां वितरित की। डॉक्टरों ने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए संतुलित आहार नियमित योगाभ्यास और समय-समय पर जांच करने की सलाह दी। खीरी नगर के करीब 350 से अधिक लोगों ने शिविर का लाभ उठाया जिम बुजुर्ग महिलाएं तथा नगर पंचायत के कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल हुए।खीरी नगर पंचायत की पहल से नगर वासियों ने प्रशंसा की और भविष्य में भी इसी तरह के शिविरों के आयोजन की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्षा उजमा बी ने कहा नगर पंचायत खीरी हमेशा से जनहित में कार्य करती रही है इस शिविर के माध्यम से हमने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया है महिलाओं बुजुर्गों और कर्मचारियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है या देखकर खुशी हुई हम आगे भी इस तरह के आयोजन करते रहेंगे। अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आयुष्मान मिशन का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है ताकि आमजन को सुलभ और सामग्र स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

# अग्रवाल समाज चुनाव का संकल्प पत्र जारी, पारदर्शी चुनाव का दावा




**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज ।** आगामी 1 जून 2025 (रविवार) को होने वाले अग्रवाल समाज चुनाव को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में टीम पीयूष रंजन अग्रवाल ने आज एक प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने 10 सूत्रीय संकल्प पत्र को विस्तार से मीडिया के समक्ष रखा। पीयूष रंजन अग्रवाल (अध्यक्ष प्रत्याशी) के नेतृत्व में 27 सदस्यीय टीम चुनाव मैदान में है, जिनमें मनोज अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), अभिषेक मित्तल (महामंत्री), मनीष गोयल (कोषाध्यक्ष) सहित अनेक अनुभवी व नवाचारप्रिय चेहरे शामिल हैं। अन्य प्रमुख सदस्यों में मुकेश अग्रवाल, अजीत बंसल, आशीष गोयल, आदेश गोयल, कृशानू बंसल, राकेश कुमार अग्रवाल आदि के नाम प्रमुख हैं।

महामंत्री पद के प्रत्याशी अभिषेक मित्तल ने स्पष्ट किया कि समाज का हर व्यक्ति संस्था का सदस्य है, परंतु मतदान का अधिकार केवल आजीवन सदस्यों व संरक्षकों को है। कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनीष गोयल ने बताया कि चुनाव अधिकारी के रूप में सीए डॉ. एन.सी. अग्रवाल की नियुक्ति की गई है, जो निष्पक्षता और पारदर्शिता से चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रत्याशी मनोज अग्रवाल ने संगठन की 40 वर्षों की एकता पर हुए कथित प्रहारों पर चिंता व्यक्त करते हुए भरोसा जताया कि समाज के जागरूक सदस्य इसे विफल कर देंगे। प्रेस वार्ता के अंत में, पीयूष रंजन अग्रवाल ने समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 1 लाख रुपये की अग्रिम धनराशि टीम की ओर से देने की घोषणा की। निवर्तमान महामंत्री विपुल मित्तल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग समाज सेवा के नाम पर निजी स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं, जिसे समाज पहचान चुका है। टीम पीयूष रंजन अग्रवाल ने पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी सकारात्मक भूमिका से समाज को मजबूती मिलती है और हमें विश्वास है कि हमारा यह संकल्प समाज की दिशा और दशा बदलने में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# जलागम परिषद के उपाध्यक्ष ने ली अधिकारियों की बैठक

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। एक जून से 15 जून तक जल संरक्षण के अंतर्गत जल उत्सव पखवाड़ा के क्रियान्वयन, निश्चित लक्ष्यों व आगामी कार्यों के संबंध ने विस्तृत चर्चा हुई। उपाध्यक्ष कोरंगा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नौ संकल्पों में जल संरक्षण प्रथम संकल्प है। यह विषय केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित न रहकर, जन भागीदारी से एक जन आंदोलन का रूप ले, यही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। जल संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा भी सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि राज्य में जल संसाधनों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक स्तर पर स्रोत संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण और स्थानीय जल स्रोतों के पुनर्जीवन को प्राथमिकता में रखने को कहा है। उपाध्यक्ष ने सारा और मनरेगा जैसी योजनाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जल संरक्षण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील बिंदुओं की पहचान कर, वैज्ञानिक आधार पर मजबूत कार्य योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा नियमित रूप से की जाए, जिससे समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।बैठक में जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या ने बताया कि एक से 15 जून तक जल उत्सव पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित किए जाएंगी। उपाध्यक्ष ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इन गतिविधियों में अधिकाधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता एवं धरातलीय प्रभावशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए, कहा कि सभी विभागों के बीच मजबूत समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवीय संवेदनाओं को आधार मानते हुए कार्य किया जाय। सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों मिले, इस दिशा में सभी को कार्य करना होगा। बैठक में प्रशासक जिला पंचायत बसंती देव, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, ईई सिंचाई केके जोशी, जल संस्थान सीएस देवड़ी, कृषि अधिकारी राजेंद्र उप्रेती समेत अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने बकरीद ईद से पहले कुबार्नी देने वाले स्थानों का किया निरीक्षण दिए सख्त निर्देश




**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** शुक्रवार को जुम्मे की नमाज पुलिस बल की मौजूदगी में बड़े शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई उसके बाद नगर में एसडीएम दीपक कुमार पाल के साथ नगर पालिका ईओ नीतू सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्दगीराम ने बकरा ईद को लेकर नगर के अलग-अलग स्थानों पर कुबार्नी करने के स्थानों की जांच पड़ताल की।

एसडीएम ने कहा ईद-उल-अजहा के दौरान खुली जगह पर कोई कुबार्नी नहीं करेगा। सुरक्षा और स्वच्छता के लिए कुबार्नी तय की गई जगहों पर ही की जानी चाहिए तथा कुछ मामलों में प्रशासन ने खुले में कुबार्नी न करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जगह जगह गंदगी न फैलाएं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने कहा ईद-उल-अजहा की कुबार्नी तय की गई जगहों पर ही की जानी चाहिए, जो आमतौर पर मस्जिदों या धार्मिक संस्थानों के पास होती हैं। पुलिस और प्रशासन द्वारा कुबार्नी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम किए जाते हैं, ताकि लोगों को सुरक्षित और निर्बाध रूप से कुबार्नी दी जा सके। ईद पर तहसील प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ईओ नीतू सिंह ने बताया है कि उस दिन नगर में साफ सफाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं और नगर पालिका द्वारा कूड़े की गाड़ी पूरे दिन घूमेगी उसमें अपने घरों का कूड़ा करकट डालें।

# प्रमोद सैनी का किया जोरदार स्वागत



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धनौरा :** धनौरा फिलिंग एंड सर्विस स्टेशन के स्वामी निवर्तमान चेयरमैन राजेश सैनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सदस्य राज्य पिछड़ा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार प्रमोद सैनी का जोरदार स्वागत किया। प्रमोद सैनी को फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। प्रमोद सैनी ने बताया की भारतीय जानता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा से संघटन व समाज के कार्यो में लगा है। हमारी पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर चलने का काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी, हमारा नारा सबका साथ सबका विकास व सबके विश्वास पर हम अटल करते चले आ रहे है। इस अवसर पर ललित सैनी (लवी), विनेश सैनी, राम किशोर सैनी, ओमप्रकाश सैनी, रोमित सागर (पूर्व विस्तारक), डा० सत्यदेव सैनी (पूर्व मण्डल अध्यक्ष), सौरभ सैनी (मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा धनौरा), संजीव सैनी, अमित रुद्रा, रजत कुमार, ऋतिक कुमार, सतवीर कुमार , नरेश यादव, जयंत सैनी, गर्वित सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने सहकारी समिति के गोदाम से हुई चोरी में एक चोर को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** अवगत कराना है कि गुरुवार को विनोद कुमार पुत्र रमेश चन्द्र निवासी साकेत कॉलोनी थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा थाना हाथरस गेट पर सूचना दी कि अज्ञात चोरो द्वारा रात्रि को सहकारी समिति बी पेक्स लहरा के गोदाम से डीएपी और यूरिया की बोतल चोरी कर ली है। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था ।पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटन का सफल अनावरण करने व घटना कारित करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट को निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक चोर को सेंट फ्रांसेस स्कूल की तरफ से हाईवे की तरफ बढे तो हाईवे से करीब 100 मीटर पहले से गिरफ्तार किया गया ।जिसके कब्जे से चोरी की 6 डीएपी की बोटल, 2 यूरिया की बोटल व एक लोहे का सरिया बरामद हुआ है ।पुलिस ने अभियुक्त हेमन्त पुत्र भूदेव निवासी ग्राम नगला नन्दू थाना हाथरस जनपद हाथरस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा फल व जूस विक्रेताओं को किया गया जागरुक



**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

रामपुर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने और खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) ।।/अभिहित अधिकारी श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा 28 से 30 मई,2025 तक जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। इस विशेष छापामार अभियान में बरेली गेट रोड निकट नोवा हॉस्पिटल स्थित ए-वन चिकन बिरयानी सेन्टर के ताज मोहम्मद पुत्र रईस आलम से बिरयानी का 01 नमूना लिया गया। गौसिया डेयरी के ताज मोहम्मद पुत्र रईस आलम से दही का 01 नमूना लिया गया। शाहबाद गेट स्थित दूधिया निसार अली पुत्र अकबर अली से, दूधिया नूर आलम पुत्र गागा से और अजीतपुर स्थित दूधिया अली अहमद पुत्र फिदा हुसैन से मिश्रित दूध का 01-01 नमूना लिया गया।अजीतपुर स्थित इरफान अली पुत्र आलमगीर से क्रीम का 01 नमूना लिया गया। फल एवं जूस विक्रेताओं के यहां निरीक्षण करके कटे-फटे फल को विक्रय से रोकने हेतु निर्देशित एवं जागरूक किया। जूस निकालने वाली मशीनों को कपडे से ढककर स्वच्छतापूर्वक कारोबार संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। तहसील सदर के रियल स्टार बेवरेजेज, बिसरा का मजरा, दलपुरा जिसका खाद्य लाइसेंस शिकायतों के अनुक्रम में निलम्बित करते हुए परिसर को सीज किया गया था, दल द्वारा उसका निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित कराया गया कि वहां पर किसी प्रकार के फुट ड्रिंक्स या सॉफ्ट ड्रिंक्स का निर्माण या विक्रय नहीं हो। विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 06 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुरांगत धाराओं में वाद योजित किये जायेगे। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण श्री रामचन्द्र यादव, श्री राहुल शुक्ला, श्री अशोक कुमार, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे

# छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखेः डीएम



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर मेडिकल कॉलेज बुलंदशहर चिकित्सालय परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में जनपद के अति कुपोषित बच्चों को भर्ती रखकर उन्हें स्वस्थ एवं सामान्य श्रेणी में लाने के लिए पौष्टिक आहार सहित आवश्यक उपचार दिया जाता है। केंद्र पर बच्चों को सुपोषित करने के लिए किए जा रहे कार्यों के तहत आज कोयल पुत्री जगदीश निवासी चिंगरावठी के सुपोषित होने पर जिलाधिकारी श्रुति ने बच्चे को अलग से घर में उपयोग के लिए एक थाली, गिलास, दो कटोरी व चम्मच उपहार स्वरूप प्रदान की। इसके देने का उद्देश्य है कि बच्चे की घर पर अलग से पूरी थाली लगे व वह सम्पूर्ण आहार ले, जिससे उसे पूरा पोषण मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी छोटे बच्चों के लिए अलग से पूरी थाली लगनी चाहिए जिससे उन्हें सम्पूर्ण आहार प्राप्त हो और वह सुपोषित व स्वस्थ रहें। प्रायः यह देखा जाता है कि घर में छोटे बच्चे सभी थाली से थोड़ा थोड़ा खाना खा लेते हैं जिसके कारण उन्हें पूरा पोषण नहीं मिल पाता है, जिसका उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखे। इस अवसर पर सीएमओ डॉ सुनील दोहरे, डॉ प्रवीण कुमार उपस्थित रहे।

# रामपुर नगर पालिका प्रशासन द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मनाई गई




**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

रामपुर अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के मौके पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन गांधी समाधि पर किया गया। उक्त कार्यक्रम में रामपुर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन सना मामून व ईओ एवं महिला सभासद मौजूद रहीं। इस मौके पर नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई मित्रों को सम्मान पत्र व पीपीई किट प्रदान की गई तथा उनके स्वास्थ्य के परीक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पालिका चेयरपर्सन सना मामून ने कहा कि रामपुर नगर पालिका शहर को स्वच्छ व खूबसूरत बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा हैं। पालिका प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ शहर की सफाई व्यवस्था को चाक चैबन्द बनाये हुए हैं।

# टैक्स बार एसो. की कार्यशाला का आयोजन सिविल लाइन स्थित एक होटल में किया




**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**

रामपुर इस मौके पर टैक्स बार एसो. के अध्यक्ष सीए राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि जो फर्मे जीएसटी रजिस्ट्रेशन के बाद समय पर अपनी रिर्टन फाइल नहीं कर रहीं हैं उनकी रिर्टन फाइल करवाये और जो स्वीकृत टैक्स बन रहाहैं उसे समय से जमा करवाने का प्रयास करें। कम्पोजीशन स्कीम के तहत पंजीकृत फर्मो द्वारा निल टैक्स की रिर्टन फाइल करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसी फर्मो के खिलाफ कार्यवाही करने पर विचार करने का निर्णय लेने की संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। नई फर्मो के पंजीयन में कोई शिथिलता न बरतने का निर्देश दिये जाने की जानकारी उपस्थित प्रोफेशनल्स को प्रदान की। इस मौके पर सैयद एमएम रिजवी, प्रमोद कुमार चावला, अजीम इकबाल खां, योगेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आशीष कामथानिया, प्रवीण कुमार भांडा, केएम टंडन, सौरभ अग्रवाल, इकबाल खान, राजीव सक्सैना, अतुल सक्सैना, अंकुर चावला, नीरज गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, हैदर रिजवी, कार्तिक सिंघल आदि मौजूद थे।

# गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ

**वेलकम इंडियन : नितिन शर्मा**


**चांदपुर :** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद से संबद्ध स्थानीय गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर में बी.ए. एवं बी. कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। महाविद्यालय में कला एवं वाणिज्य संकायों में प्रवेश हेतु कुल 1120 सीटों की व्यवस्था है। बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए विद्यार्थी समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, शारीरिक शिक्षा, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, संस्कृत में से अपनी रुचि अनुसार विषयों का चयन कर सकते हैं। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए रजिस्ट्रेशन में सहयोग हेतु एडमिशन हेल्प डेस्क की स्थापना की गई जिसमें विद्यार्थियों को सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। ध्यातव्य है कि समर्थ पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराने के बाद विद्यार्थियों को अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म महाविद्यालय में जमा करने के बाद अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करनी होंगी ताकि महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित हो सके। प्रवेश हेतु विद्यार्थी महाविद्यालय के विंडो संख्या 6 एवं 7 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सुशासन और महिला स्वावलंबन की प्रणेता लोकमाता देवी अहिल्याबाई



**डॉ. मोहन यादव-विनायक फीचर्स**

देवी अहिल्याबाई होलकर ने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 130 विखंडित मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा पुनर्निर्माण किया। नदियों पर घाट, धर्मशालाएं बनवाईं, अन्न सत्र प्रारंभ किये और पूजा-पाठ की स्थाई व्यवस्था की। देशभर में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की और देश को एक सूत्र में पिरोया। उनका शासनकाल, स्वर्ण काल होने के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक अभ्युदय का समय रहा है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। एक तरफ उन्होंने महिलाओं की सैनिक टुकड़ी बनाकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था की। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिये। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार तथा विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किये और दहेज प्रथा पर रोक लगाने के नियम बनाये। सेना में बलिदान हुए सैनिकों की पत्नियों के लिये महेश्वर में महेश्वरी साड़ी उद्योग की स्थापना की और महिला समृद्धि का विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया। उनके राज्य में होलकर राज्य सुराज, स्वराज, सुशासन, सुव्यवस्था, संपन्नता, विकास और निर्माण का आदर्श रहा। उन्होंने महेश्वर को शिल्प, कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, उद्योग और व्यापार का केन्द्र बनाया और देशभर में विस्तारित किया। उनके शासनकाल में होलकर राज्य प्रभावी सूचना तंत्र, पंचायती राज, न्यायालय, सुरक्षा की चौकस व्यवस्था, सशक्त सेना के साथ ग्रामीण तथा नगरीय नियोजन का उदाहरण बन गया। जीवनभर वे भगवान शिव और समाज के लिए समर्पित रहीं। समाज निर्माण और महिला सशक्तिकरण के लिए अहिल्याबाई होलकर ने जो कार्य किये, वे हमारी विरासत का गौरवपूर्ण हिस्सा हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश सरकार देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रि-शती जयंती वर्ष को समारोह पूर्वक आयोजित कर रही है। शौ ? और पराक्रम की प्रतीक लोकमाता अहिल्याबाई को समर्पित करते हुए विजयादशमी के त्योहार पर प्रदेश भर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश में उनके जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। इसमें कार्यशालाएं, व्याख्यान, संगोष्ठियां, नाट्य, महानाट्य प्रस्तुति आदि के श्रृंखलाबद्ध आयोजन हुए। हमने प्रयास किया कि बौद्धिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देवी अहिल्याबाई के कार्य, विचार और आदर्श समाज के बीच पहुंचे। अहिल्याबाई के व्यक्तित्व निर्माण, परिवार समन्वय, पर्यावरण संरक्षण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के सूत्र समाज के सामने लाये गये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व में सबसे समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिये विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। प्रधानमंत्री जी के इस सूत्र के अनुरूप ही हमने अपनी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और आदर्श महानायकों के व्यक्तित्व से समाज को प्रेरित करने का अभियान चलाया। प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए हमने डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को धरातल पर साकार करती है। आधुनिक विकास के साथ अपनी गौरवशाली विरासत का स्मरण और आदर्श महानायकों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के उद्देश्य से हमने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में दो कैबिनेट बैठकें कीं। पहली बैठक 24 जनवरी 2025 को महेश्वर के किले में और दूसरी बैठक 20 मई 2025 को इंदौर के राजवाड़ा में संपन्न हुई। पहली बैठक में प्रदेश के 19 पवित्र स्थलों में शराब बंदी लागू करने का निर्णय लिया। इस निर्णय से धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के साथ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा, वहीं दूसरी बैठक में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का फैसला लिया गया है। अहिल्याबाई होलकर ने महिला सशक्तिकरण को लेकर जो दिशा तय की थी, उसे आगे बढ़ाने का कार्य यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। हमने पुण्यश्लोका, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म जयंती वर्ष में प्रधानमंत्री जी के गरीब, युवा, किसान और नारी (ॠअठ) पर ध्यान के ध्येय मंत्र को सार्थक करने का प्रयास किया। इस मंत्र के चौथे स्तम्भ ह्यनारीह्ण के समग्र विकास के लिये देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन बनाकर कार्य आरंभ किया गया।



# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता 2 दिन की छुट्टी लेगी वो उत्तराखंड धार्मिक स्थल पर जाएगी

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जून के पहले हफ्ते में 2 दिन की छुट्टी ले सकती है।रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली की भाजपा सरकार ने शुक्रवार को सत्ता में अपने 100 दिन पूरे कर लिए।इस अवसर पर सीएम ने एक वर्कबुक भी जारी किया। शनिवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाएंगी।आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे करने के बाद जून के पहले सप्ताह में दो दिन की छुट्टी ले सकती हैं। वह उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों का दौरा करने के लिए जाने वाली हैं।उन्होंने बताया कि सीएम गुप्ता एक जून को हरिद्वार जा सकती हैं। वहां हरकी पौड़ी पर गंगा नदी में पवित्र स्नान करेंगी। अगले दिन वह केदारनाथ जा सकती हैं।सरकार के एक सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री अपनी सरकार के पहले 100 दिनों में व्यस्त कार्यक्रम के बाद छुट्टी ले रही हैं।इस यात्रा पर उनके साथ उनके परिवार के सदस्य भी होंगे।इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपनी सरकार के 100 दिन पूरा होने के उपलक्ष्य में एक बुकलेट जारी किया। उन्होंने इस बुकलेट को रिपोर्ट कार्ड की जगह रिकॉर्ड कार्ड बताया। उन्होंने कहा कि शनिवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी सरकार की 100 दिन की उपलब्धियों के बारे में बताएंगी रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली की भाजपा सरकार ने शुक्रवार को सत्ता में अपने 100 दिन पूरे कर लिए। इस साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा ने जीत हासिल की और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की। रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रामलीला मैदान में आयोजित एक समारोह में अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

# चारपाई पर महिला को ड्रिप लगाकर बोटल चढ़ाने का वीडियो वायरल

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** कस्बा हाथरस जंक्शन में बगीची के पीछे गली नंबर-7 में अशोक नाम के झोलाछाप डाक्टर अपने घर में ही अवैध क्लीनिक चला रहे हैं। यंहा पर मरीजों को भर्ती करके इलाज किया जाता है। इन डाक्टर के क्लीनिक पर एक मरीज महिला को ड्रिप लगाकर बोटल चढ़ा रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्यवाही करने से पीछे हट रहे हैं। क्योंकि सब सांठगांठ का खेल सकेंत होता है। आपको बता दे कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की झोलाछापों पर कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। आम आदमी की जिंदगी झोलाछाप डॉक्टरों के हवाले है। शहरी और ग्रामीण इन झोलाछापों के पास उपचार करा रहे हैं। कस्बा के गली-मोहल्लों में ऐसी दुकानें खुली हुई हैं जिन पर अभी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हाथरस जंक्शन में झोलाछापों के क्लीनिक, अवैध पैथोलॉजी एवं मेडिकलों पर अवैध रूप से बिना रजिस्ट्रेशन मरीजों का शोषण चल रहा है। पैथोलॉजी पर खून की जांच के नाम पर मरीजों को लूटा जा रहा हैं। झोलाछाप एवं मेडिकल चलने वाले हाईस्कूल या इंटरमीडिएट पास होते हैं। झोलाछाप डाक्टर बुखार, पेट दर्द डैंगू, चिकनगुनिया आदि आम बीमारियों की दवा वह अपने पास से देते है और हालात बिगड़ने पर मरीज को निजी अस्पताल में भेजकर अस्पताल संचालकों से कमीशन प्राप्त करते हैं।

इस कमीशन का भार मरीज पर पड़ता है। इस कारण शहर से लेकर देहात तक झोलाछापों का धंधा फल फूल रहा हैं। इन अवैध क्लीनिकों, पैथलॉजी की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो को होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

# लालकुर्ती पैंठ बाजार में चला कैंट बोर्ड राजस्व विभाग का अतिक्रमण हटाओ अभियान



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** गुरुवार को मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री जाकिर हुसैन द्वारा राजस्व अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि लालकुर्ती पैंट बाजार के बहार जितना भी अवैध अतिक्रमण किया हुआ है व गाडियां खड़ी है उसे तत्काल प्रभाव से हटाने का कार्य करें। लालकुर्ती पैंठ बाजार में राजस्व विभाग के कर्मचारीयों की टीम ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ पहुंची तो टीम को देख बाजार में अफरातफरी मच गई ठेले रेहड़ी वालों ने समान समेटना शुरू कर दिया। वहीं अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई अभियान राजस्व अनुभाग की टीम राजेश जॉन, राजस्व अधीक्षक, के कहने पर बेगम पुल डेरावाल होते हुए लालकुर्ती पुलिस चौकी का अतिक्रमण हटाया गया और भविष्य के लिए माईक से चेतावनी दी गई कि यदि कोई भी व्यापार सड़क पर किया जायेगा तो सामान जब्त किया जायेगा और भारी जुमार्ना भी वसूला जाएगा। इस अवसर पर राजस्व विभाग वरिष्ठ सहायक बिजेंद्र सिंह , जी आर एम दुगार्दास, रवि पाउंड कीपर रवि, मुन्दरपाल व अन्य कर्मचारीव दर्जनों कर्मचारी के सहयोग से अभियान चलाया गया।

# मेरठ के शिवपुरम में तथास्तु सेवा समिति द्वारा चलाया जा रहा निशुल्क शिक्षा केंद्र

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** मेरठ तथास्तु सेवा समिति के द्वारा शिवपुरम बस्ती में निशुल्क शिक्षा केंद्र चलाया जा रहा है, जिसमें बच्चो को अंग्रेजी, गणित, साइंस व जी.के. विषय के बारे में निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

तथास्तु सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने जानकारी दी कि आर्या मित्तल व काशवी भारद्वाज के द्वारा शिवपुरम बस्ती में निशुल्क शिक्षा केंद्र चलाया जा रहा है जिसमें शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक बच्चो को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है तथा प्रतिदिन उनकी परीक्षा भी ली जाती है, परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी बच्चो को पुरस्कृत किया जाता है। तथास्तु सेवा समिति के द्वारा 10 दिन तक निशुल्क शिक्षा केन्द्र चलाकर शिक्षा प्रदान की जाएगी, यह कक्षा 22 मई से चल रही है तथा 31 मई तक चलेंगी।

गोपाल शर्मा ने बताया कि आर्या मित्तल व काशवी भारद्वाज दोनों छात्राएं चेन्नई से बीटेक कर रही है जो इस समय अपने घर छुट्टियों पर आई हुई हैं ओर तथास्तु सेवा समिति के साथ जुड़कर शिवपुरम बस्ती में जरूरतमंद बच्चो को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है तथा वहां निशुल्क शिक्षा प्रदान करने का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे इस प्रकार की सभी व्यवस्थाओं की चिंता तथास्तु सेवा समिति के उप सचिव गुलाब सिंह करते हैं निशुल्क शिक्षा केंद्र में सभी बच्चे बड़ी प्रसन्नता के साथ मन लगाकर पढ़ाई करते हैं तथा प्रतिदिन लिए जाने वाले टेस्ट में उत्तीर्ण होने वाले सभी बच्चो को पुरुस्कृत किया जाता है तथा कक्षा के उपरांत सभी बच्चो के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की जाती है।

# निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता से ही होगा सशक्त राष्ट्र का निर्माण : बिष्ट

**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर देश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन और अंतराष्ट्रीय ट्रेड यूनियनसे सम्बद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के तत्वाधान में जिले की गरुड़ तहसील की इकाई द्वारा यहां संगोष्ठी आयोजित की गई और पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कर्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने किया।मुख्य अतिथि बिष्ट ने कहा कि निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा।एनयूजे( आई )के तहसील पत्रकार संगठन के तत्वाधान में जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रशेखर बड़सीला की अध्यक्षता में और जिला महामंत्री अनिल पांडे गरुड़ इकाई अध्यक्ष अखिल आजाद जोशी के संयुक्त नेतृत्व में हिंदी दिवस पर तहसील स्तर पर आयोजित संगोष्ठी में बदलते परिवेश में पत्रकारिता का महत्त्व, चुनौतियां और समाधान विषय पर बोलते हुए दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि पत्रकारिता समाज का प्रतिबिंब है।लोकतंत्र के सजग प्रहरी और चौथे स्तंभ के तौर पर पत्रकारिता समाज और सरकार के बीच संबंध स्थापित करती है। उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ पत्रकारों से जनता की आवाज बनने को कहा। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि और साहित्यकार गोपाल दत्त भट्ट ने कहा कि संकट के समय पत्रकारों ने ही इस देश को संभाला है। उन्होंने पत्रकारों से राजनीति से दूर रहकर जनपक्षीय मुद्दों को कलम की तेज धार देने को कहा। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता समाज का मार्गदर्शन करती है। पूर्व बीईओ जीवन चंद्र दुबे व पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया ने कहा कि पत्रकार सामाजिक मुद्दों व लोगों की पीड़ा को सरकार तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मेरठ- सरस्वती लोक में जैन मंदिर ध्वस्तीकरण मामले में एमडीए वीसी से मिले जैन समाज के लोग



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ सरस्वती लोक जैन मंदिर के संबंध में एमडीए द्वारा ध्वस्तीकरण का जो अवैध फरमान आया है। उसके विरोध में सभी जैन धमार्लंबी एवं समस्त मंदिरों के अध्यक्ष एवं मंत्री एमडीए ऑफिस में पहुंचें जिसमें भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री विवेक रस्तोगी व जैन समाज के अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज के साथ प्राधिकरण उपाध्यक्ष संजय मीना से मिलने एमडीए ऑफिस पहुंचे इस दौरान जैन समाज के सदस्यों ने जैन मंदिर ध्वस्तीकरण के आदेश दिए जाने पर अपना विरोध दर्ज कराया जिस पर उपाध्यक्ष ने मामले की पश्नावली तलब करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया जैन समाज के लोगों में वीर सुरेश जैन ऋतुराज अध्यक्ष जैन समाज , विवेक रस्तोगी जी मेरठ महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, अनिल जैन बर्फखाना वाले मंत्री, संजय जैन धम्मो, अशोक जैन सरधना वैभव जैन संजय जैन प्रॉपर्टी हंस कुमार जैन विकास जैन विनय जैन हर्ष जैन सतीश बंसल सुरभि जैन सीमा जैन प्रियंका जैन बबिता जैन सविता जैन आदि उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर रिश्तों को परिहास का पात्र बनाना सही है या गलत



रचना चंदेल 'माही'
जिला– बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

रिश्ते मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है। रिश्तों के बिना हमारा जीवन अधूरा सा लगता है । किंतु आज के आधुनिक युग में या थोड़े से सिक्कों की भूख ने इंसान को बदल कर रख दिया है ।सोशल मीडिया ,मानव जीवन को धड़ल्ले से बदल रहा है। हमारे पूर्वजों के समय में हम रिश्तों का कितना सम्मान करते थे। और आज हम देख रहे हैं की सोशल मीडिया पर व्यूज और कॉ मेंट्स के चक्कर में हम लोग उन्ही रिश्तों को परिहास का पात्र बना रहे हैं। यह निश्चय ही एक चिंतन और मंथन का विषय है ।विचाराधीन तथ्य है, कि हम आगे वाली पीढ़ियों को अपने रिश्तों के बारे में क्या संदेश में दे रहे हैं ।सोशल मीडिया पर बनाई जाने वाली रीलस में अक्सर पति- पत्नी ,ननद- भाभी, सास -बहू, तथा अन्य रिश्तों का परिहास तरह से उड़ाया जा रहा है, मानों आने वाली पीढ़ियों को लगेगा कि रिश्ते केवल और केवल परिहास का पात्र हैं और कुछ नहीं । सोशल मीडिया में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरफ की बातें सिखाई जाती हैं किंतु मुझे लगता है की नकारात्मकता की तरफ लोग ज्यादा झुक रहे हैं ।अतः इस पर चिंतन करके उचित कार्यवाही होनी चाहिए। वरना हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए रिश्तों का मतलब केवल परिहास बनकर रह जाएगा।

# खंडेलवाल मिष्ठान पर ग्राहक ने लिया समोसा, जैसे ही फोड़ा निकली मरी हुई छिपकली

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** शहर के अलीगढ़ रोड नवग्रह मंदिर के पास नामचीन खंडेलवाल की दुकान से एक ग्राहक चार समौसे पैक करा कर घर ले गया था। इस दौरान दौने में समौसा फोड़ने के दौरान मरी हुई छिपकली को देखकर हैरान रह गया। जानकारी के मुताबिक, एक युवक बंटी शर्मा निवासी गली महाजन दुकान से चार समोसे खरीद कर ले गया था। जैसे ही युवक और उसके परिवार ने एक समोसा तोड़ा, उसमें मरी हुई छिपकली दिखाई दी। यह देखकर परिवार दहशत में आ गया और तत्काल दुकान पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई जिससे शांति व्यवस्था बनी रही। ग्राहक ने मामले की शिकायत की तो एफडीए की टीम दुकान पर पहुंच गई और जांच में जुट गई। लोगों ने मिठाई विक्रेता पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जाहिर की। फिलहाल मामले की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है, और इस पूरे घटनाक्रम से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि खंडेलवाल मिठाई की दुकान पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मिठाई और नाश्ता लेने आते हैं। इस घटना के बाद दुकान की साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

स्थानीय लोग दुकान पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर खाद्य विभाग के टीम और इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण कर ली सलामी तथा निरीक्षण कर परेड का टर्नआउट चेक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में प्रातः शुक्रवार परेड का निरीक्षण कर सलामी ली गई । तत्पश्चात परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक हाथरस के आगमन पर परेड द्वारा उनको सलामी दी गई । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों की वर्दी को देखा गया तथा साफ-स्वच्छ वर्दी धारण करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया, तत्पश्चात परेड करायी गयी । परेड में उपस्थित निलम्बित कर्मचिरायों से वार्ता की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित डायल 112 के दो पहिया व चार पहिया वाहनों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान वाहनों की साफ-सफाई, घटनास्थल किट, हूटर आदि को चेक किया गया तथा गाडियों के रखरखाव के सम्बन्ध में प्रभारी डायल-112 को निर्देशित किया गया । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित डॉग स्क्वायड, ड्रोन कैमरा आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण , क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु माथुर, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ जयेन्द्र नाथ अस्थाना, क्षेत्राधिकारी लाईन श्यामवीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह एवं डॉग स्क्वाड, डायल 112, समस्त कार्यालयों-पुलिस लाईन से आये हुए अधिकारीगण-कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# एसएसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा आगामी त्यौहारो(ईद) व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सदृढ़ करने के लिए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कलेक्ट्रेट से लल्ला बाबू चौराहा होते हुए अंसारी चौक तक पुलिस-फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया। आम जनमानस को यातायात नियमो के बारे में जागरुक किया गया साथ ही यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटवाया गया तथा लोगो से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर उपस्थित रहें।

# तनावमुक्त जीवन: एक स्वस्थ और आनंदमय जीवन की कुंजी..डा. इंदर गोयल

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : तनाव एक ऐसी समस्या है जो आज के समय में लगभग हर किसी को प्रभावित करती है। यह हमारे जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है और हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को खराब कर सकती है। लेकिन तनावमुक्त जीवन जीने से हम अपने जीवन को अधिक आनंदमय और स्वस्थ बना सकते हैं। अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इंद्र गोयल ने उपरोक्त शब्द सिरसा क्लब की कम्युनिटी हॉल में शाखा की सामान्य बैठक में कहे। डा. इंदर गोयल ने कहा की तनावमुक्त जीवन जीने के लिए आप अखिल भारतीय सेवा संघ के सदस्य बने। शाखा सचिव श्री अशोक चाचान ने बैठक का संचालन किया और आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया, प्रांतीय महासचिव श्री मुकेश वर्मा ने अखिल भारतीय सेवा संघ के बारे में विस्तार से बताया और कहा की आज अखिल भारतीय सेवा संघ पूरे देश में अपनी शाखाएं खोलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री सूरज बंसल अध्यक्ष ने कहा की काम का दबाव और तनाव एक आम समस्या है जो कई लोगों को प्रभावित करती है। व्यक्तिगत समस्याएं जैसे कि रिश्तों में समस्याएं, आर्थिक समस्याएं आदि भी तनाव का कारण बन सकती हैं। स्वास्थ्य समस्याएं भी तनाव का एक आम कारण हैं। एक अस्वस्थ जीवनशैली भी तनाव का कारण बन सकती है। अखिल भारतीय सेवा संघ का मिशन है तनाव मुक्त जीवन, आओ आज एक संकल्प ले की तनावमुक्त रहेंगे और समाज को तनावमुक्त के लिए प्रेरित करेंगे। तनावमुक्त जीवन जीने के लिए, हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने होंगे, ध्यान और योग हमें अपने मन को शांत करने और तनाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। व्यायाम हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है।समय प्रबंधन हमें अपने जीवन को संतुलित बनाने और तनाव को कम करने में मदद कर सकता है सकारात्मक सोच हमें तनाव को कम करने और जीवन को अधिक आनंदमय बनाने में मदद कर सकती है। पर्याप्त नींद हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद कर सकती है।

तनावमुक्त जीवन जीने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। तनावमुक्त जीवन जीने से हम मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। तनावमुक्त जीवन जीने से हम अपने संबंधों को बेहतर बना सकते हैं। तनावमुक्त जीवन जीने से हम अपने काम में अधिक उत्पादक हो सकते हैं। तनावमुक्त जीवन जीने से हम अपने जीवन को अधिक आनंदमय और स्वस्थ बना सकते हैं। हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने होंगे और तनाव को कम करने के लिए काम करना होगा। ध्यान, व्यायाम, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और पर्याप्त नींद जैसे तरीकों से हम तनावमुक्त जीवन जीने के लिए काम कर सकते हैं। उपरोक्त बैठक में श्री गुरदयाल मेहता, संजीव मेहता, परविंदर ठठई, आकाश सेन, अशोक अरोड़ा, भूषण बंसल, गोविंद मेहता, कमल बंसल, पदम सिंगल, रवि ग्रोवर, विजय ग्रोवर, वीरेंद्र रातुसरिया, रामकृष्ण गोयल, दुलीचंद, सीए यीशु बंसल, जितेंद्र बंसल, हरीश कटारिया, चेतन मेहता, राजेश तनेजा, मदन लूथरा, मिंटू, निलेश बंसल, निर्मल बजाज, पवन सिंगल, प्रेम कक्कड़, राजेश गनेड़ीवाला, अमित गाबा, जोगिंदर, विजय चमरिया, संयम बत्रा, सुभाष चंद्र एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

# लखनऊ एवं वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा 22 मई से 05 जून 2025 तक विश्व पर्यावरण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 30 मई, 2025 को लखनऊ व वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर प्लास्टिक प्रदूषण एवं खाद्य स्वच्छता विषयों पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर स्टेशन परिसर में स्थित कैंटीनों एवं फूड स्टॉलों पर कार्यरत कर्मचारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए यह संदेश दिया गया कि स्टेशन परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण में अपने दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनसे अनुरोध किया गया कि वे वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्री का प्रयोग करें। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्टेशन परिसर में स्थित खाद्य विक्रेताओं के मेडिकल प्रमाणपत्र, फूड लाइसेंस, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, समाप्ति तिथि तथा स्वच्छता मानकों की गहन जांच की गई और आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा आगामी दिनों में भी इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों, स्टेशन पर कार्यरत कर्मियों एवं आम जनता को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

# भाजपाइयों ने मनाया राज्य मंत्री का जन्मदिन



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी का भाजपा कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया और एक दूसरे को मिठाई वितरित की इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। विकासखंड क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना में जिला मंत्री मुनव्वर चौहान ने अपने कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी का जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में व्यापारी खुशहाल है, डबल इंजन की सरकार में गुंडे बदमाशों का सफाया हो रहा है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ? में गरीबों को मुफ्त में राशन वितरित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 2027 में फिर से भारतीय जनता पार्टी परचम लहराएगी। इस दौरान सभी कार्यकताओं ने केक काटने के बाद मिठाई वितरित की। इस मौके पर वेहसर, आमिर, आसिफ, कादिर ,शाहीन, सन्नी कुमार, जनाब, सालिम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में टाण्डा में भव्य कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर** शुक्रवार को नगर के मनसब अली स्टेडियम के सभागार में नगरपालिका के तत्वावधान में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका की महिला सफाईकर्मियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने रानी अहिल्याबाई के शौर्य, नेतृत्व और समाज सुधार के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा, रानी अहिल्याबाई एक प्रेरणादायी शासक थीं, जिन्होंने नारी शक्ति को नया आयाम दिया और समाज में बेटियों का सम्मान बढ़ाया। अमृता रंधावा,रवि रुहेला और नगर मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी आदि वक्ताओं ने भी रानी अहिल्याबाई के सामाजिक, राजनीतिक और जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई ने इंदौर राजवंश को सशक्त नेतृत्व प्रदान करते हुए देशभर में मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। इसके अलावा, कुओं, तालाबों, हरित सड़कों और कपड़ा उद्योग के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है।समारोह में पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज, हाजी सरफराज आलम, तिरुवंत सिंह यादव, महेंद्र सिंह, करण सिंह, रोहित शर्मा, कपिल शर्मा, सरजीत ठाकुर, पूजा देवी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन निवर्तमान मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक योगेश सैनी ने किया।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के कब्जे से 200 ग्राम चरस बरामद करने का दावा करते हुए अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। एसपी ने थाना क्षेत्र से सभी मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर उन्हें जेल भेजने के निर्देश दे रखे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह के कार्यकाल में लगातार पुलिस टीम मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजने का काम कर रही है। शुक्रवार को गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम भाटी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के जिडाना पुलिया के समीप एक मादक पदार्थ तस्कर मादक पदार्थों की तस्करी करने की फिराक में है। पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए जब मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया तो मादक पदार्थ तस्कर भागने लगा।पुलिस टीम ने भाग दौड़ करते हुए तस्कर को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार तलाशी लेने पर तस्कर के कब्जे से 200 ग्राम चरस बरामद हुई पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मेहरान उर्फ काला निवासी ग्राम गढ़ी दौलत बताया। पुलिस ने आरोपी तस्कर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि नगर एवं क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध धंधे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# गार्ड पर चढ़ा गुंडई का बुखार अस्पताल परिसर में पत्रकार पर हमला

वेलकम इंडिया



जगदीशपुर अमेठी जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उलठ) में बड़ा खुलासा करने पहुंचे न्यूज इंडिया के पत्रकार विपिन यादव के साथ मारपीट और तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। पत्रकार का आरोप है कि अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स ममता द्वारा अवैध रूप से प्राइवेट क्लिनिक चलाया जा रहा था, जिसकी खबर कवर करने के दौरान गार्ड और अन्य स्टाफ ने उनके साथ बदसलूकी की पत्रकार विपिन यादव ने बताया कि जब वे मौके पर खबर कवरेज के लिए पहुंचे तो अस्पताल परिसर में मौजूद गार्ड और कुछ कर्मचारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। विरोध करने पर उनका मोबाइल फोन और प्रेस आईडी तोड़ दी गई। यही नहीं, उनके साथ गाली-गलौज की गई और डंडों से हमला भी किया गया विपिन यादव ने कहा मैंने शांतिपूर्वक तरीके से अस्पताल में हो रहे अनियमित कार्यों की कवरेज करनी चाही लेकिन अस्पताल स्टाफ ने पत्रकार के कर्तव्यों को बाधित करते हुए हिंसक बर्ताव किया। यह न केवल मेरे साथ अन्याय है, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है स्थानीय लोगों के मुताबिक, अस्पताल की स्टाफ नर्स द्वारा लंबे समय से प्राइवेट क्लिनिक चलाया जा रहा है, जबकि यह साफ तौर पर सरकारी सेवा नियमों के विरुद्ध है।

# प्लॉट बेचने का झांसा देकर किसान से पौने ग्यारह लाख की धोखाधड़ी

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** नगर निवासी एक व्यक्ति के साथ प्लॉट खरीद के नाम पर पौने 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर चार लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। एसएसपी ने जहांगीराबाद पुलिस को चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक चचरई निवासी सत्यवीर ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसके गांव के ही रहने वाले सूरजपाल और उसके पुत्र पिंटू ने मौहरसा निवासी अपने रिश्तेदार राहुल का प्लॉट दिलवाने के नाम पर उससे लगभग दो साल पहले बयाने के तौर पर 25 हजार रुपये लिए थे। इसके बाद कई किश्तों में पीड़ित ने अपने बैंक खाते से सवा सात लाख रुपये उस्मान नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर किये।

इसके अलावा भी पिंटू ने पीड़ित से ढाई लाख रुपये और ले लिए। लगभग पौने 11 लाख रुपये जाने के बाद जब पीड़ित ने प्लॉट के बैनामे के लिए दबाव बनाया तब पता चला कि प्लॉट राहुल का है ही नहीं जिसके बाद पीड़ित द्वारा अपने रुपये वापस मांगने पर आरोपियों पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने का आरोप शिकायती पत्र में लगाया है। पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अहिल्याबाई जयंती को लेकर जहांगीराबाद ब्लॉक में संगोष्ठी

वेलकम इंडिया




**जहांगीराबाद।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. भोला सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संगीता सिंह ने की, जबकि संचालन मनोज प्रधान द्वारा किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सांसद डॉ. भोला सिंह ने अपने संबोधन में अहिल्याबाई होलकर के न्यायप्रिय शासन, सामाजिक सुधारों और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यदि चाहें तो देश की हर बेटी उनके आदर्शों पर चलकर अहिल्याबाई बन सकती हैं। ब्लॉक प्रमुख संगीता सिंह ने भी उनके कार्यों को याद करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी समेत सैकड़ों की तादात में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में बीडीओ मनीष मिश्रा,संचालनकर्ता मनोज प्रधान, भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री दामिनी गौड़, लक्ष्मी कंसल, सुभाष प्रधान टीटोटा, अरविंद शर्मा, गोपाल सिंघानिया, मोहित कपासिया, राजेंद्र, पिंकू राघव आदि।

# नगर आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में नाला सफाई का किया निरीक्षण अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** शहर में मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर नगर निगम की सक्रियता बढ़ गई है।इसी क्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर नाला एवं नालियों और कूड़ा उठान व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी और जमीनी हालात की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।स्थानीय लोगों से फीडबैक लेकर उन्होंने जनसहभागिता की अहमियत पर भी बल दिया।शुक्रवार सुबह नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन 7 के इंदिरा नगर के सेक्टर-सी का निरीक्षण किया। उन्होंने नालियों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की और सफाई कर्मियों को कड़ी हिदायतें दीं। इस दौरान स्थानीय निवासियों से संवाद कर कूड़ा उठान व्यवस्था पर फीडबैक भी लिया। नागरिकों ने बताया कि एक निजी व्यक्ति 150 रुपये प्रति माह शुल्क लेकर कूड़ा उठाता है, जिस पर नगर आयुक्त ने तत्काल जांच कर हर घर तक नगर निगम की कूड़ा गाड़ी पहुंचाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने सेक्टर डी से मुंशी पुलिया जाने वाली सड़क के किनारे स्थित नालियों का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने अरविंदो चौराहा के आस-पास की नालियों का निरीक्षण किया। उन्होंने जोनल सेनेटरी ऑफिसर (रड) को निर्देश दिए कि पार्क क्षेत्र की सभी नालियों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। सेक्टर 14 में नाला सफाई का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने रत्र्रक को निर्देश दिए कि मौके से सिल्ट को जल्द से जल्द हटाया जाए। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से पूछताछ कर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था की जानकारी ली, जिस पर नागरिकों ने संतोषजनक प्रतिक्रिया दी। नगर आयुक्त ने खुर्रम नगर चौराहे पर नाले की सफाई का निरीक्षण किया। स्थानीय पार्षद द्वारा नाले पर अतिक्रमण की जानकारी देने पर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाकर बरसात से पहले सभी नालियों की सफाई पूरी की जाए। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने रिंग रोड जोन 3 का दौरा किया। उन्होंने चीफ इंजीनियर आरआर को निर्देशित किया कि नाले की सफाई का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए और मौके से सिल्ट हटाई जाए।

सेक्टर सी जानकीपुरम, जोन 3 में सफाई व्यवस्था की स्थिति पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर की। सफाई में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने रत्र्रक का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए और रड को सेक्टर की बैक लेन व नालियों की बेहतर सफाई सुनिश्चित कराने को कहा। नगर आयुक्त ने अलीगंज के सेक्टर ओ में नाले की सफाई का जायजा लिया। उन्होंने चीफ इंजीनियर सिविल को निर्देश दिए कि कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। महानगर मेट्रो स्टेशन के सामने से गुजर रहे नाले का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने वहां मौजूद अतिक्रमण को तत्काल हटाकर नाले की पूरी सफाई कराने के निर्देश इंजीनियर सिविल को दिए। इस निरीक्षण दौरे के दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नम्रता सिंह, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर आरआर मनोज कुमार प्रभात सहित नगर निगम की इंजीनियरिंग ब्रांच और जोन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सी एस इ 2024 में सफल कु अरण्या केमी का ग्राम सौन्दा में सम्मान हुआ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डा आंबेडकर शिक्षा प्रचार एवं प्रसार संस्थान मोदीनगर के तत्वावधान में ग्राम सोंदा के डा आंबेडकर बाल विद्यालय एवं जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में हाल ही में सी एस इ 2024 परीक्षा में सफल ग्राम सौंदा की लड़की कु अरण्या कैमी का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया ।कार्यक्रम डा आंबेडकर प्रतिभा सम्मान समारोह के नाम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि डा रामगोपाल भारतीय तथा श्री देश राज भारती ने संयुक्त रूप से किया ।अध्यक्षता गिन्नी देवी महिला महा विद्यालय मोदीनगर की पूर्व प्राचार्य डा रीता बख्शी ने की ।संयोजन संस्था अध्यक्ष देशराज भारती का रहा ।मंच पर मुख्य




वक्ता के रूप में मेरठ के साहित्यकार डा किरण सिंह,कवि चंद्रशेखर मयूर ,कवि श्री सुल्तान सिंह सुल्तान ,खंड शिक्षा अधिकारी ।श्री जमुना प्रसाद, कु अरण्या कैमी,उसके पिता आई एफएस श्री चर्चिल कुमार और माता श्रीमती प्रो कमलेश भी उपस्थित थीं ।सर्वप्रथम संस्था महासचिव श्री ओमप्रकाश ने सभी का स्वागत किया। मेरठ से पधारे कवियों श्री चंद्र शेखर मयूर और श्री सुल्तान सिंह सुल्तान की रचनाओं पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई ।कवि देव राज मुरादनगर और श्री ईश्वर दयाल त्यागी ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की ।क्षेत्र के उभरती गायिका कु जेन्या विश्वकर्मा ने कई गीत सुनकर भाव विभोर कर दिया ।उनके गीत ,, ए मेरे वतन,,,पर लोग भावुक हो उठे ।डा किरण सिंह ने डा आंबेडकर के अनेक संस्मरण सुनाए और बच्चों को सफल होने के कई उपयोगी मंत्र दिए ।उन्होंने जोशीली कविताओं से श्रोताओं में जोश भर दिया। सभा को डा रीता बख्शी ,प्रो देवेंद्र त्यागी आदि ने भी संबोधित किया ।कु अरण्या को संस्था द्वारा शाल,सम्मान पत्र तथा बुद्ध वचनों की पुस्तक भेंट कर उनका सम्मान किया गया ।इसके बाद अरण्या ने अपने विचारों में सिविल सेवाओं की तैयारी कर रहे बच्चों को सफलता के टिप्स दिए ।उन्होंने इसका श्रेय डा आंबेडकर के सिद्धांतों,माता पिता तथा गुरु जनों को दिया। चर्चिल कुमार और कमलेश देवी ने भी अपने विचार रखे ।आसपास से बड़ी संख्या में आए लोगों ने अरण्या को शाल मालाएं और उपहार भेंट कर अपना आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर इंटर मीडिएट में कालेज टॉप करने वाली छात्रा कु छवि प्रजापति तथा हाई स्कूल में टॉप करने वाले छात्र प्रियांशु प्रजापति तथा इस साल जीएसटी में टैक्स असिस्टेंट बनी विपासना गौतम को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री शांति प्रकाश,श्री सीताराम,मुकेश कुमार,धर्मवीर सिंह, धर्मप्रकाश,श्री गिरवर,राम भरोसे लाल मौर्य, महकार, देव कुमार गौतम, प्रेम चंद,विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती पवित्रा आदि का विशेष योगदान रहा। अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखा ड्रोन ऑपरेशन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** राज कुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 37 यू पी बटालियन गाजियाबाद के सौजन्य से 10 दिवसीय एन सी सी ( नेशनल कैडेट कोर ) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। हाल ही में भारत पाक के बीच तनाव के दौरान हुए ऑपरेशन सिंदूर में ड्रोन टेक्नोलॉजी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ। सर्विलांस से लेकर सटीक वार तक ड्रोन ने अहम भूमिका निभाई। इसे देखते हुए अब नेशनल कैडेट कोर (एन सी सी ) ने अपने ट्रेंनिंग माड्यूल में ड्रोन टेक्नोलॉजी को शामिल कर लिया है। जिसको देखते हुए आर के जी आई टी में हाल ही में हुए कैंप में एन सी सी कैडेट्स को इसकी ट्रेनिंग दी गई ताकि वह तकनीकि रूप से अपडेट हो सके। यहां विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के 230 गर्ल्स और 370 बॉयज सहित लगभग 600 कैडेट्स को ग्राउंड पर लाइव फ्लाइंग ट्रेनिंग दी गई तथा क्लास रूम सेशन में ड्रोन टेक्नोलॉजी की थ्योरी पढ़ाई गई । ट्रेनिंग के दौरान एक्सपर्ट्स ने बेसिक फ्लाइंग स्किल, सेफ्टी प्रोटोकॉल व आपरेशन प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कर्नल संदीप पाण्डेय एवं कर्नल उमेश मारवाह ने बताया कि इस ट्रेनिंग में ड्रोन के विभिन्न पार्ट्स को असेंबल करना, उसे उड़ान के लिए तैयार करना व रिमोट कंट्रोल से ऑपरेशन करना भी सिखाया गया ।

# अपराधियों का पत्रकारिता की ओर रुख समाज के लिए खतरा

वेलकम इंडिया



**मेरठ ।** ग्लैमर की चाह और पुलिस-प्रशासन के बीच भौकाल गांठने के लिए जहां पहले अपराधी किसी राजनीतिक हस्ती या पार्टी का दामन थाम लेते थे, वहीं वर्तमान में ये ट्रेंड बदल गया है। तमाम अपराधी प्रवृत्ति के लोग अब पत्रकारिता और वकालत की तरफ रुख कर रहे हैं। परन्तु वकालत की डिग्री में लगने वाले समय और जरूरी पढ़ाई की वजह से पत्रकारिता वर्तमान में अपराधियों का सबसे पसंदीदा क्षेत्र बनता जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ वेब, पोर्टल और सोशल मीडिया जैसे दूसरे साधन आ जाने के बाद कोई भी शख्स कभी भी खुद को छायाकार या पत्रकार खुद ही घोषित कर दे रहा है। दुखद पहलू ये है कि जिस पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, उसमें कभी बुद्धिजीवी और समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा लिए लोग आते थे, जबकि आज अंधाधुंध अखबारों, पत्रिकाओं, वेब पोर्टल्स के आ जाने के बाद बड़ी संख्या में अपराधियों को भी प्रेस लिखने का सुनहरा मौका मिल गया है। इसके सहारे वो न सिर्फ अपने पुराने अपराधों को छुपाए हुए हैं, बल्कि नये अपराधों को भी जन्म देकर, पुलिस और प्रशासन पर अपनी पकड़ भी मजबूत कर रहे हैं। वे तमाम तरह के गैरकानूनी कार्य पत्रकारितां की आड़ में संचालित करने में लगे हैं।

एक व्यावहारिक गणना और साक्ष्यों के मुताबिक कक्षा 5वीं पास व आठ वीं और कई मामलों में तो अशिक्षित भी, खुद को मीडियाकर्मी बताते घूम रहे हैं।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल मे समर कैंप का समापन हुआ

वेलकम इंडिया

मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )। तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल मे समर कैंप समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ 'स्वागत गीत' से किया गया । इस कैंप में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां, योगा, नृत्य, टेबल टेनिस, क्रिकेट, स्केटिंग, बैडमिंटन ,आर्ट एंड क्राफ्ट, इंग्लिश कन्वर्सेशन , क्ले-मॉडलिंग ,कैलीग्राफी आदि समाहित थे। शैक्षिक निर्देशिका श्रीमती राधिका माहेश्वरी विद्यालय में इस तरह की गतिविधियां करवाने के लिए अध्यापक- अध्यापिकाओं को उत्साहित करती रहती हैं। छोटे-छोटे बच्चों के मनभावन नृत्य व खेलों ने तो सब का मन ही मोह लिया । योग के माध्यम से बच्चों ने स्वस्थ रहने के लिए योग का महत्व दशार्या । मुख्य अतिथि




ने समर कैंप में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने हेतु उन्हें प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया । विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया ।गौरव माहेश्वरी तथा श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को धन्यवाद देते हुए बच्चों को इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम में सभी इंचार्ज व शिक्षक - शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जिला योजना हुई बैठक



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** एक राष्ट्र, एक चुनाव ' अभियान के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद जिला प्रभारी व जिला प्रवासी के रूप देवेंद्र चौधरी डायमंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तर प्रदेश जिला कार्यालय एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जिला योजना बैठक ली। सभी जिला में मंडल के पदाधिकारी के साथ विधानसभा स्तर पर कार्यक्रमों की तैयारी के लिए जिला योजना बैठक में सभी पार्टी के पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए वह एक राष्ट्रीय एक चुनाव के बारे मे हमें जन-जन तक जाना है पहले जिला स्तरीय एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा इसके बाद प्रत्येक विधानसभा में वह इसके बाद प्रत्येक मंडल में इसका आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मुरादाबाद जनपद के किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने की संचालक जिला महामंत्री लोकेश कश्यप ने किया साथ में मुकेश चौहान व धर्मेंद्र शर्मा अन्य पार्टी जिला जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ छत्रपाल सिंह को श्रद्धांजलि देने वालों का लगा तांता



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** स्याना विधानसभा क्षेत्र के गांव बिगराऊ निवासी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर छत्रपाल सिंह के निधन के बाद क्षेत्र के लोग पूर्व केंद्र मंत्री को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके निवास पर पहुंच रहे है। सुबह से ही क्षेत्र के लोग पूर्व केन्द्रीय मंत्री के बेटे हेमंत लोधी से मिलकर सत्वाना दे रहे है। क्षेत्र के निवासी वरिष्ठ पत्रकार यतेंद्र त्यागी व अनिल कुमार पत्रकार पूर्व मंत्री के निवास पर पहुंचे। परिवार से मिलकर सत्वाना दी। आपको बता दें केंद्रीय मंत्री डॉ छत्रपाल सिंह का निधन 26 तारीख को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था।

# एक राष्ट्र एक चुनाव बनाएगा भारत को विकसित राष्ट्र: नीरज त्यागी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भाजपा किसान मोर्चा जिला गाजियाबाद के तत्वावधान में ३एक राष्ट्र एक चुनाव३ के मुद्दे पर जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी की अध्यक्षता में एक जिला बैठक का आयोजन किया गयो नीरज त्यागी के कार्यालय पर आयोजित इस बैठक में जिला प्रवासी व मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री वरुण मालिक का सभी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत कियो इस जिला योजना बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर विधानसभा स्तर पर होने वाली किसान चौपाल की रुपरेखा को लेकर गहनता से चर्चा हुई । जिला प्रवासी वरुण मालिक ने सभी कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव के महत्त्व पर



प्रकाश डालते हुए सभी पदाधिकारियों को इसे जन जन तक पहुंचाने की अपील की जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी ने किसान चौपलों के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रवासी को आश्वस्त करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव भारत को विकसित राष्ट्र और पुनः विश्वगुरु बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर महामंत्री पारुल त्यागी, सुरेन्द्र मास्टरजी, कन्नु सिंह, प्रधान रजनीश, सतीश भाटी, लोकेन्द्र चौधरी, प्रधान धर्मेन्द्र त्यागी, प्रवीण प्रधान, हरिओम चौहान, प्रशांत त्यागी, अशोक त्यागी, नरेंद्र त्यागी आदि जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर छबील का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पंजाबी मंच, मोदीनगर की ओर से श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर एक छबील का आयोजन तेजेंद्र सिंह गांधी तथा कालू खुराना की दुकान के सामने किया गया। जिसका कि उद्घाटन रामपाल चौधरी जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल ने फीता काटकर किया। पंजाबी मंच के सभी सदस्यों द्वारा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। उनके द्वारा राहगीरों को जल सेवा भी प्रदान की गई। आयोजन में मुख्य रूप से पंजाबी मंच के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, सचिव सुनील चावला, राजीव खुराना,सलाहकार डॉ जी एस सचदेवा, कोषाध्यक्ष छबील चावला, गुरबीर गांधी,कालू खुराना, पवन



कुमार, संजीव अरोड़ा बंटी, राजेश अरोड़ा, संजीव चौधरी, अमित टंडन, अनिल अरोड़ा, जेपी भूटानी,योगेश मल्होत्रा उर्फ गुल्ला भाई, ईविंदर गांधी, राजेंद्र सिद्धवानी, लाडा हरीश खुल्लर ,चरणजीत सिंह,विनय ढींगरा, अनुराग सैनी, मनमोहन पसरिचा, जितेंद्र मल्होत्रा,सन्नी भूटानी,राधे सिधवानी एवं सोनू शर्मा पहल से उपस्थित थे।

# लेखनी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

वेलकम इंडिया

**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आजादी के बाद से लेकर आज तक राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका रही है। उन्होंने राष्ट्रहित में अपनी लेखनी को आधार बनाने वाले सभी पत्रकारों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता लोकतंत्र की मजबूती का आधार स्तंभ है और यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच को दशार्ता है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधा कृष्णन ऑडिटोरियम में हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्यातिथि बोल



रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कलम के प्रहरियों को सलाम किया। अधिवेशन में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व बाबा कपिलपुरी जी महाराज विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ अधिवेशन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने महर्षि नारद मुनि के वंशज होने के नाते पत्रकारिता के धर्म का निर्वाह कर रहे सभी मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह पावन दिवस हमारे पंचम गुरु 'श्री गुरु अर्जन देव जी' की शहादत को नमन करने का दिन भी है, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। साथ ही उन्होंने अरूट महाराज की जयंती पर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है और हमारा राष्ट्र विश्व में अग्रणी बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

# बुलंदशहर नगर में बसाई जा रही अवैध कालोनियां नहीं हो रही कार्यवाही

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भले ही भू माफियाओ को पीले पंजे का डर दिखाते नजर आ रहे हैं लेकिन कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में बेखौफ नजर आ रहे भूमाफिया ऐसा ही एक मामला उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर से उस वक्त सामने आया जब वह बुलंदशहर नगर के चांदपुर रोड पर तिरुपति गैस गोदाम की जमीन पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा नहीं लिया गया संज्ञान सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राधिकरण विभाग में कार्यरत जूनियर इंजीनियर पंकज जैन के अनुसार भूमाफियाओं के विरुद्ध नोटिस काटकर की जा चुकी है कार्यवाही लेकिन गौरतलब यह है



कि अगर प्राधिकरण द्वारा उक्त प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए काटा गया है नोटिस तो उसके बावजूद भी आखिर किसकी शहर पर चल रहा है यह निर्माण कार्य जबकि कहीं ना कहीं विभागीय कार्यवाही के बाद उक्त स्थान पर नहीं किया जा सकता किसी भी तरह का निर्माणकार्य अब देखना यह होगा कि क्या वास्तव में खबर प्रकाशित होने के बाद कुंभकरण की नींद से जाग कर प्राधिकरण के अधिकारी उक्त स्थान पर चलाते हैं बाबा का बुलडोजर या इसी तरह होता रहेगा यह अवैध निर्माण आपको बता दें कि वही अज्ञात सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त भू माफियाओं में से कोई एक शख्स बैठता है प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच जिसके चलते प्राधिकरण के अधिकारी नहीं कर रहे किसी भी तरह की कोई कठोर कार्यवाही जिससे कि कहीं ना कहीं ऐसा प्रतीत होता है कि वास्तव में अगर किसी शख्स को अपना गोरख धंधा चलाना हो तो वह इस विभाग के अधिकारियों के बीच बैठना शुरू कर दे जिससे उसके ऊपर किसी भी तरह की विभागीय कार्यवाही ना हो सके।

# होल्कर का जीवन सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक उत्थान की मिसाल : गजेंद्र सिंह शेखावत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शुक्रवार को पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर जैसी महापुरुषाओं से प्रेरणा लेकर ही आज का भारत हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि होल्कर का जीवन सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक उत्थान की मिसाल है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके पदचिह्नों पर चलते हुए देश व समाज को नई दिशा दे रहे हैं। शेखावत ने कहा कि भारत का इतिहास तोड़ा-मरोड़ा गया है, लेकिन होल्कर जैसी विभूतियों के बलिदान और संघर्ष ने हमारी संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा की। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद भारत की वैश्विक छवि बदली है और जल्द ही देश विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा ने भी अपने संबोधन में कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने नारी शिक्षा और महिला कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया, मगर अफसोस है कि इतिहास में उनके जैसे महापुरुषों को उचित स्थान नहीं मिला। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि होल्कर ने केवल 21 वर्ष की उम्र में पति को खो देने के बाद भी जीवन को सेवा और संघर्ष के मार्ग पर समर्पित कर दिया। उन्होंने संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन झोंक दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक अजीतपाल त्यागी, पूर्व महापौर आशा शर्मा व आशु वर्मा, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान सख्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट के उपयोग को अनिवार्य बनाने के उद्देश्य से नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को सख्ती से लागू किया जा रहा है। गाजियाबाद परिवहन विभाग, जिला खाद्य आपूर्ति विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसके दौरान बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों के चालान काटे गए और कई को ईंधन देने से इनकार कर दिया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार की नो हेलमेट नो फ्यूल नीति के तहत, परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने जनवरी 2025 में सभी जिलाधिकारियों को इसे लागू करने के निर्देश दिए थे। गाजियाबाद में इस अभियान को जनवरी के अंतिम सप्ताह से प्रभावी रूप से शुरू किया गया है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं में 70 प्रतिशत मौतें सिर की चोटों के कारण होती हैं, जिसे हेलमेट पहनकर रोका जा सकता है। शुक्रवार को राजनगर एक्सटेंशन, मेरठ रोड, हापुड़ रोड और पुराने बस अड्डे जैसे प्रमुख क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) राहुल श्रीवास्तव और जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी के नेतृत्व में संयुक्त टीमों ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोका गया, नियमों का उल्लंघन करने पर उनके ऑनलाइन चालान किए गए और पेट्रोल पंप कर्मचारियों को बिना हेलमेट वालों को ईंधन न देने के सख्त निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान सीसीटीवी फुटेज की मदद से वाहनों के नंबर प्लेट नोट किए गए, जिनके आधार पर चालान जारी किए गए। कुछ पेट्रोल पंपों पर नियमों का पालन करने वाले चालकों को फूल देकर प्रोत्साहित भी किया गया। गौरतलब है कि 1 फरवरी को गाजियाबाद में चलाए गए पिछले चेकिंग अभियान में पांच पेट्रोल पंपों के आसपास 97 लोगों के चालान काटे गए थे और तीन वाहनों को सीज किया गया था। इस बार भी पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए बिना हेलमेट वाले चालकों को चेतावनी के साथ-साथ चालान जारी किए। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने कहा कि नो हेलमेट नो फ्यूल नीति का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी और नियम तोड ? वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है ताकि उनकी जान सुरक्षित रहे। हालांकि, अंबेडकर रोड और लोहिया नगर के कुछ पेट्रोल पंपों पर इस नीति का उल्लंघन भी सामने आया है, जहां कर्मचारियों ने बिना हेलमेट वाले चालकों को पेट्रोल दिया। इसके बाद प्रशासन ने इन पंपों की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, कुछ पंप संचालकों ने सुरक्षा की कमी का हवाला देते हुए पुलिस तैनाती की मांग की है, क्योंकि बिना हेलमेट वालों को ईंधन देने से मना करने पर कर्मचारियों के साथ अभद्रता और मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं।

# कोरोना की संभावित लहर से निपटने की तैयारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देशभर में कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए, गाजियाबाद का स्वास्थ्य विभाग संभावित आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। विभाग ने सरकारी अस्पतालों में शुक्रवार को एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित करने की घोषणा की है। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता का आकलन करना और विशेष रूप से ऑक्सीजन प्लांट की कार्यक्षमता को जांचना है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि जिले के सरकारी संस्थानों में कुल 11 ऑक्सीजन प्लांट कार्यरत हैं। इन सभी प्लांटों का गहन निरीक्षण किया जा रहा है और व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। उन्होंने पिछली कोरोना लहरों के दौरान ऑक्सीजन की कमी से हुई परेशानियों का हवाला देते हुए कहा कि इस बार प्रशासन किसी भी तरह की चूक नहीं होने देना चाहता। डॉ. गुप्ता ने आगे बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से अस्पतालों की इमरजेंसी व्यवस्था, ऑक्सीजन सप्लाई की प्रक्रिया, और चिकित्सा कर्मचारियों की आपदाकालीन प्रतिक्रिया की गति और दक्षता का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अस्पतालों में वेंटिलेटर, आइसोलेशन वार्ड, दवाओं की उपलब्धता और कोविड प्रोटोकॉल का भी जायजा लिया जाएगा। जिला प्रशासन भी इस अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। अधिकारियों का मानना है कि यह मॉक ड्रिल न केवल तकनीकी कमियों को उजागर करेगी, बल्कि स्वास्थ्यकर्मियों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी।

# हिंडन युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि, 1857 के संग्राम को किया गया याद

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 शहीद स्मारक समिति ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद स्थल मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर शहीदों को भावांजलि और पुष्पांजलि अर्पित की गई। समिति के अध्यक्ष पंडित रामआसरे शर्मा ने हिंडन नदी के ऐतिहासिक युद्ध का स्मरण करते हुए कहा कि 30 और 31 मई 1857 का दिन भारतीय इतिहास में सदैव याद किया जाएगा। इसी दिन गाजियाबाद के हिंडन नदी तट पर भारत के क्रांतिकारियों और दुनिया की सबसे प्रशिक्षित अंग्रेजी सेना के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों के घमंड को चकनाचूर कर दिया था। संस्था के मीडिया प्रभारी एवं विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास का एक दिव्य और भव्य अध्याय है। इसमें धर्म, वर्ग और जातियों की सभी दीवारें टूट गईं थीं और जनसमूह के रूप में भारत की आत्मा मुखर हुई थी। उन्होंने अंग्रेजी और वामपंथी इतिहासकारों द्वारा इस महासमर को गदर या विद्रोह कहे जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह भारतीय आत्मा की आवाज थी, जिसकी स्पंदन सनातन राष्ट्र की पवित्र मिट्टी के कण-कण में महसूस किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आजादी की इस जंग में जनचेतना और मनचेतना का कार्य हर स्तर पर हुआ था। ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने उस समय की व्रतधारी पत्रकारिता के योगदान को भी याद किया, जिसने आजादी के पहले समर में क्रांति का बीजारोपण किया और जन-जन तक आजादी के संदेश को पहुंचाया। उन्होंने फिरंगी हुकूमत के खिलाफ उठ खड़े होने का शंखनाद किया, जिसने अनंत आकाश में आजादी की क्रांति को हवा दी। उन्होंने राष्ट्र और राष्ट्र नायकों को सादर शब्दांजलि और भावांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्था के महामंत्री पी एन गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी संदीप त्यागी रसम, छोटेलाल कन्नोजिया, सतपाल सिंह तेवतिया (पूर्व डायरेक्टर गन्ना समिति), हरेंद्र पप्पू (पूर्व सभासद), संतोष दीक्षित, शरीफ मियां, भिखारी लाल, डॉ शीला रानी, डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर दिलीप कुमार, डॉ एसके मिश्रा, एम एल बड़वार, ए खालिद, डा मिलन मंडल, डॉ वसीम, डॉ एस के सिकदर, ब्रजन विश्वास, अभिजीत दत्ता, किंकर राय, आलोक चंद शर्मा, डा डीके सिंह, डा ऐके जैन, डा देवाशीष ओझा, रंजीत पौद्दार, डा डी के वासु, गौरव, डॉ देवेंद्र कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर ठंडे जल का वितरण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गुरुद्वारा जी ब्लॉक कविनगर में शहीदों के सरताज पंचम गुरु धन धन साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर उनकी महान शहादत को याद करते हुए विशेष कीर्तन और गुरुवाणी का आयोजन किया गया। इसके पश्चात, गुरु जी द्वारा मानवता के लिए दिए गए बलिदान की स्मृति में ठंडे जल की छबील लगाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने शीतल जल ग्रहण कर उनकी शहादत को नमन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रविन्दर सिंह जौली ने मयंक गोयल को सरोपा और गुरु जी का चित्र भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मयंक गोयल ने कहा कि सिख गुरुओं ने मानवता की रक्षा और कल्याण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी की शहादत समाज को हमेशा मानवता की राह दिखाती रहेगी। कार्यक्रम में सरदार एस पी सिंह, गुरमिन्दर सिंह, ज्ञानी राजेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, एस सी धींगडा, हेमन्त, सचिन, राजेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने गुरुवाणी सुनी और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# लाखों की चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वेब सिटी पुलिस ने बीती 24 मई की रात एक बंद घर से लाखों रुपये के नगदी और जेवर चोरी करने के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए नगदी-जेवर का कुछ हिस्सा, वारदात में इस्तेमाल की गई कार और 40 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने शुक्रवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि लालकुआं के श्रीराम एनक्लेव निवासी सुनील कुमार शर्मा 24 मई की शाम अपने बड़े बेटे राहुल शर्मा के पास नोएडा गए थे और रात वहीं रुके थे। उनके मकान पर ताला लगा हुआ था। अगले दिन, 25 मई की सुबह करीब साढ़े आठ बजे पड़ोसी ने सुनील कुमार शर्मा को उनके मकान का ताला टूटा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर सुनील कुमार शर्मा ने देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे लाखों रुपये के नगदी और जेवर चोरी कर लिए हैं।

# अज्ञात युवकों की हवाई फायरिंग से दहशत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खोड़ा संगम विहार में 26 मई की देर रात दो अज्ञात युवकों ने एक महिला के घर के बाहर हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। आरोपियों ने महिला को मारपीट की धमकी भी दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों के एकत्र होने पर वे मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला पति-पत्नी के विवाद से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। खोड़ा संगम विहार निवासी पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मई की रात करीब 10:40 बजे दो युवक उनके घर आए और उनका नाम-पता पूछने लगे। पूजा ने इसे गलतफहमी समझकर युवकों को जाने के लिए कहा और दरवाजा बंद कर लिया। हालांकि, 26 मई की देर रात लगभग 1:30 बजे वही दो युवक दोबारा उनके घर पहुंचे। इस बार उन्होंने दरवाजा खटखटाया और जब पूजा ने दरवाजा नहीं खोला, तो एक युवक ने तमंचा निकालकर घर के बाहर हवाई फायरिंग की और मारपीट की धमकी दी। हवाई फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद दोनों आरोपी वहां से भाग निकले। पूजा ने तत्काल खोड़ा पुलिस को इसकी सूचना दी। स्थानीय निवासियों ने भी घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पूजा की शिकायत पर अज्ञात युवकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(2) (आपराधिक धमकी), 351(5) (हथियार के साथ धमकी), और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मोरटी में ग्रीष्मकालीन शिविर का रंगारंग समापन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय, मोरटी, रजापुर में शुक्रवार को आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन बड़े उत्साह और उमंग के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा और ऊर्जा की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान, जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) कुणाल मुद्गल और एसआरजी पूनम शर्मा ने भी शिरकत की। शिविर के अंतिम दिन विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय बैंड की मधुर धुन से हुई, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद छात्रों ने कथक और राधा-कृष्ण नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। पंढरपुर यात्रा पर आधारित नाट्य मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया, जबकि सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ ने भक्तिमय माहौल किया। बच्चों ने ड्राइंग और क्राफ्ट की अपनी रचनात्मकता का भी प्रदर्शन किया। शिविर में फूड स्टॉल भी लगाए गए थे, जहां छात्रों ने स्वादिष्ट लस्सी और भेलपुरी बनाकर सभी का मन मोह लिया। खेलकूद गतिविधियों में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा अपशिष्ट सामग्री से तैयार की गई अद्भुत पोशाकों के साथ किया गया रैंप वॉक रहा। बच्चों की रचनात्मकता और कल्पना शक्ति को देखकर सभी दर्शक आश्चर्यचकित और प्रसन्न हो गए। मुख्य अतिथि बीएसए ओ.पी. यादव ने बच्चों के साथ बैडमिंटन खेला और अपने प्रेरणादायक भाषण से सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए।

# शहीदों के सरताज गुरुअर्जुन देव जी का शहीदी पर्व श्रद्धा व सेवा के साथ मनाया गया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिख धर्म के पंचम गुरु, गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पूरे विश्व में श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ यह पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारों के बाहर राहगीरों और आम संगत के लिए मीठे ठंडे जल की छबील लगाई गई। गुरु अर्जुन देव जी का जन्म 1563 में हुआ था और वे 1581 में सिख पंथ के पांचवें गुरु बने। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले संकरण का संकलन कराया, जिसमें तीस रागों में गुरु वाणी को संकलित किया गया। यह ग्रंथ भाई गुरदास जी की सहायता से 1604 में तैयार हुआ। इसमें 36 महान संतों और गुरुओं की वाणी बिना किसी भेदभाव के संकलित की गई है। सिख धर्म के इतिहास में गुरु अर्जुन देव जी की वाणी सर्वाधिक है। गुरु अर्जुन देव जी की शहादत धार्मिक स्वतंत्रता और सहनशीलता की अद्भुत मिसाल है। 1606 में मुगल शासक जहांगीर ने उन्हें लाहौर में गर्म तवे पर बैठाकर, ऊपर से गर्म रेत डालते हुए यातनाएं दीं। किंतु गुरु जी का शांत, गंभीर और निश्चल स्वभाव कभी विचलित नहीं हुआ। उन्होंने अंतिम क्षणों में प्रभु की रजा को मीठा मानते हुए अरदास की तेरा कीआ मीठा लागे, हरि नामु पदारथ नानक मांगे। गुरु जी की यह शहादत आज भी मानवता, सहिष्णुता और धर्म की स्वतंत्रता के लिए प्रेरणा है।